Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

दैनिक वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 15 | बुधवार, 15 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# 3 .50 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**नई दिल्ली।**

योगी ने आगे लिखा कि प्रथम अमृत स्नान पर्व के सकुशल संपन्न होने पर सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद तथा प्रदेश वासियों को बधाई ! पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें।

प्रयागराज में महाकुंभ मेले में भारी भीड़ देखी गई है। मकर संक्रांति पर पहले 'अमृत स्नान' के दौरान 3.50 करोड़ से अधिक भक्तों ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। योगी ने एक्स पर लिखा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम 'महाकुम्भ-2025, प्रयागराज' में पावन 'मकर संक्रांति' के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों/श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। योगी ने आगे लिखा कि प्रथम अमृत स्नान पर्व के सकुशल संपन्न होने पर सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद तथा प्रदेश वासियों को बधाई !



## सार संक्षेप

### सेना दिवस परेड आज, महिला अग्निवीरों की टीम होगी शामिल




**पुणे।**

ऐतिहासिक शहर पुणे में बुधवार को सेना दिवस के परेड में नेपाल सेना का बैंड, एनसीसी की लड़कियों की मार्चिंग टीम, महिलाओं की अग्निवीर टुकड़ी और रोबोट्स शामिल होंगे। इसके अलावा, भारतीय सेना देश की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अपने कई शक्तिशाली हथियारों और अत्याधुनिक उपकरणों का भी प्रदर्शन करेगी। परेड के बाद 'गौरव गाथा' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें लेजर, ध्वनि एवं प्रकाश तथा मल्टी-मीडिया प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए सेना प्राचीन काल से लेकर समकालीन युग तक के युद्ध के विकास को प्रदर्शित करेगी। इसमें भारतीय महाकाव्यों और आधुनिक युद्धों से विषय-वस्तु ली जाएगी। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल होंगे। रक्षा सूत्रों ने बताया कि परेड में के9 वज्र स्वचालित होवित्जर, बीएमपी-2 सरथ पैदल सेना लड़ाकू वाहन, टी-90 टैंक, स्वाति हथियार पता लगाने वाला रडार, सर्वत्र ब्रिजिंग प्रणाली, मल्टी बैरल राकेट प्रणाली, एटीओआर एन1200 आल-टेरेन वाहन, ड्रोन जैमर प्रणाली और मोबाइल संचार नोड्स को प्रदर्शित किया जाएगा। 77वीं सेना दिवस परेड पुणे स्थित बांबे इंजीनियर्स ग्रुप (बीईजी) सेंटर में होगी, जो सेना की दक्षिणी कमान के अंतर्गत आता है।

### नौसेना को आज मिलेंगे दो अत्याधुनिक युद्धपोत और एक पनडुब्बी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि नौसेना के तीन लड़ाकू जहाजों की अग्रणी मोर्चे पर तैनाती से रक्षा क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे आगे होने की कोशिशों को मजबूती मिलेगी और आत्म-निर्भरता की खोज में बल मिलेगा। प्रधानमंत्री बुधवार को मुंबई के नौसेना डाकयार्ड पर आइएनएस सूरत, आइएनएस नीलगिरि और आइएनएस वाघशीर युद्धपोतों को देश को समर्पित करेंगे। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, "जहां तक हमारी नौसैनिक क्षमताओं का सवाल है, 15 जनवरी एक विशेष दिन बनने जा रहा है।" अगर बात करें इन समुद्र में तैनात होने वाले इन अत्याधुनिक लड़ाकू जहाजों की तो आइएनएस सूरत, पी15बी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रायर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम जहाज है। यह दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक विध्वंसक जहाजों में से एक है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। आइएनएस नीलगिरि युद्धपोत परियोजना का पहला जहाज शस्त्रों से जुड़े अत्याधुनिक सेंसर पैकेज से लैस यह जहाज उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं के साथ नौसेना को मजबूती देगा। आइएनएस नीलगिरि, पी17ए युद्धपोत परियोजना का पहला जहाज है।

#### क्या है 'आइएनएस वाघशीर' की खासियत

वाग्शीर बहुआयामी मिशनों जैसे एंटी–सरफेस वारफेयर, एंटी–सबमरीन वारफेयर, खुफिया जानकारी जुटाना, एरिया सर्विलांस आदि में सक्षम है। वाग्शीर हिंद महासागर में पाए जाने वाली एक मछली होती है। वाग्शीर बेहतरीन स्टेल्थ विशेषताओं जैसे उन्नत ध्वनिक अवशोषण तकनीक, कम विकिरण शोर स्तर, हाइड्रो–डायनामिक अनुकूलित आकार और सटीक निर्देशित हथियारों का उपयोग करके दुश्मन पर हमला करने में सक्षम है।

## NXATOX ने शुरू किया नया मिशन

# बाल्टिक सागर क्षेत्र में समुद्र के नीचे केबलों की सुरक्षा का मुद्दा

**नई दिल्ली।** नए ऑपरेशन की घोषणा करते हुए, रूटे ने समुद्र के नीचे केबलों के महत्व और महत्वपूर्णता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत से अधिक इंटरनेट ट्रैफि क समुद्र के नीचे केबल के माध्यम से सुरक्षित है, और 1.3 मिलियन किलोमीटर (808,000 मील) केबल हर दिन अनुमानित 10 ट्रिलियन डॉलर के वित्तीय लेनदेन की गारंटी देते हैं।

नाटो महासचिव मार्क रुटे ने मंगलवार को घोषणा की कि गठबंधन बाल्टिक सागर क्षेत्र में समुद्र के नीचे केबलों की सुरक्षा के लिए एक नया मिशन शुरू करने के लिए तैयार है। फिनलैंड के हेलसिंकी में बाल्टिक सागर पर स्थित नाटो देशों के नेताओं के साथ एक बैठक में रुटे ने कहा कि इस प्रयास को बाल्टिक सेंट्री करार दिया जाएगा। रुटे ने नवीनतम निर्णय के बारे में मीडिया को जानकारी दी और कहा कि इसमें फ्रिगेट और समुद्री गश्ती विमान सहित कई संपत्तियां शामिल होंगी, और बाल्टिक में हमारी सतर्कता बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ‍रबढ़ी हुई निगरानी और निरोध प्रदान करने के लिए नौसैनिक ड्रोन का एक छोटा बेड़ा तैनात किया जाएगा। यह बैठक बाल्टिक में कई घटनाओं के मद्देनजर हुई, जिससे क्षेत्र में संभावित रूसी गतिविधियों के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। नए ऑपरेशन की घोषणा करते हुए, रूटे ने समुद्र के नीचे केबलों के महत्व और महत्वपूर्णता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत से अधिक इंटरनेट ट्रैफि क समुद्र के नीचे केबल के माध्यम से सुरक्षित है, और 1.3 मिलियन किलोमीटर (808,000 मील) केबल हर दिन अनुमानित 10 ट्रिलियन डॉलर के वित्तीय लेनदेन की गारंटी देते हैं।



## अब फ्री में छत पर लगवा सकेंगे सोलर पैनल

**नई दिल्ली।**



छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना से जुड़े दो और वित्तीय मॉडल लॉन्च किए हैं। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) और उपयोगिता-आधारित एकत्रीकरण माडल शामिल हैं। दोनों ही मॉडल की खास बात यह है कि इनमें उपभोक्ता को अपनी छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कराने के लिए कोई पैसा नहीं देना होगा।

आरईएससीओ मॉडल के तहत थर्ड पार्टी उपभोक्ताओं की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना करेंगी। इसके तहत थर्ड पार्टी कंपनियां सौर ऊर्जा संयंत्र से बनाई गई बिजली के लिए उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करेंगी। उपयोगिता आधारित एकत्रीकरण मॉडल के तहत डिस्काम (बिजली वितरण कंपनियां) या राज्य द्वारा नामित संस्थाएं आवासीय क्षेत्र में छतों पर सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करेंगी। उपभोक्ताओं को केवल सौर ऊर्जा संयंत्र से प्राप्त बिजली के इस्तेमाल के लिए भुगतान करना होगा।

## पीएम संग्रहालय की नई टीम में स्मृति ईरानी, शेखर कपूर शामिल

**नई दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) की सोसायटी और कार्यकारी परिषद का पुनर्गठन किया गया है। संस्था की सोसायटी में कई नए नाम शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा को सोसायटी अध्यक्ष के रूप में पांच वर्ष का एक और कार्यकाल मिला है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी, नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, सेवानिवृत्त जनरल सैयद अता हसनैन, फिल्म निमार्ता शेखर कपूर और संस्कार भारती से वासुदेव कामथ को नए सदस्यों के रूप में शामिल किया गया है। इनके अलावा 1976 में बाबरी ढांचे की खुदाई टीम का हिस्सा रहे पुरातत्वविद् केके मोहम्मद एवं राष्ट्रीय संग्रहालय के वर्तमान प्रमुख बीआर मणि को भी सोसायटी में शामिल किया गया है। जबकि नेहरू पत्रों की वापसी को लेकर हाल में चर्चा में रहे रिजवान कादरी सोसायटी में बरकरार रखे गए हैं।



## उत्तर भारत में ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त, दिल्ली-यूपी में भीषण कोहरा

**नई दिल्ली।**



देश की राजधानी दिल्ली और यूपी समेत कई राज्यों में हुई बारिश के दौर के बाद कोहरा फिर से लौट आया है। दिल्ली-एनसीआर और यूपी में कोहरे की चादर छा गई है। वहीं, मंगलवार को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में खिली धूप ने ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत प्रदान की। हालांकि, सुबह के समय घने कोहरे का असर बना रहा, जिससे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दृश्यता शून्य रही और उड़ानों के संचालन में बाधा आई। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में मौसम फिर से करवट ले सकता है। दिनभर बादल छाए रहेंगे और शाम या रात के समय हल्की वर्षा की संभावना है। दिल्ली में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1.5 डिग्री ज्यादा था। उत्तर प्रदेश में भी हल्की वर्षा का पूर्वानुमान है, जबकि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात हो सकता है। संभावना बनी हुई है। हरियाणा और पंजाब में ठंड का प्रकोप जारी है। मंगलवार को मोगा 3.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। पठानकोट में न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चंडीगढ़ में पारा सात डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। करनाल में न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### यूपी के कई जिलों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना

उत्तर प्रदेश में लखनऊ समेत कई जिलों में घने कोहरे ने ठंड बढ़ा दी। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ धूप ने कोहरे को हटाकर राहत दी। मौसम विभाग ने बुधवार और गुरुवार को प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। कई जिलों में वज्रपात की चेतावनी भी जारी की गई है। इटावा, मुजफ्फरनगर और बुलंदशहर में सबसे कम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## खुफिया अलर्ट...केजरीवाल पर हमले की आशंका

**नई दिल्ली।**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा की समीक्षा की गई है। विशिष्ट खुफिया इनपुट के मद्देनजर उनके ऊपर हमले की आशंका को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने यह कदम उठाया है। केजरीवाल को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। सूत्रों के मुताबिक खुफिया जानकारी में पता चला है कि खालिस्तान समर्थक केजरीवाल की हत्या का प्रयास कर सकते हैं। अलर्ट के अनुसार दो से तीन सदस्य, जिन्हें आखिरी बार पंजाब में देखा गया था, वह हमले का प्रयास कर सकते हैं। पिछली सुरक्षा समीक्षा में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली पुलिस से जेड प्लस सुरक्षा मिली थी। उनकी सुरक्षा में लगभग 63 लोग तैनात हैं। उनकी सुरक्षा व्यवस्था में पायलट, एस्कार्ट, क्लोज प्रोटेक्शन टीम, होम गार्ड, स्पाटर के अलावा सर्च-एंड-फ्रिस्किंग स्टाफ शामिल हैं। इस सेटअप में लगभग 47 लोग हैं। इसके अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के लगभग 15 वदीर्धारी कर्मी हैं। इंटरनेट मीडिया पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के बारे में आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करने के मामले में नॉर्थ एवेन्यू थाना पुलिस ने आम आदमी पार्टी और उसके राष्ट्रीय संयोजक के खिलाफ चार अलग-अलग एफआईआर दर्ज की है।



## संपादक की कलम से

### आस्था का अनूठा संगम

प्रयागराज के संगम पर आयोजित होने वाला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम आज मकर संक्रांति पर पहले शाही स्नान से परवान चढ़ेगा। विराट आस्था का प्रतीक यह महापर्व सदियों से पूरी दुनिया के लिये कौतुक का विषय रहा है। ह्वेनसांग से लेकर दुनिया के चोटी के पत्रकारों ने आस्था के इस सैलाब को अवर्णनीय बताया है। पूरी दुनिया हैरत में रहती है कि कैसे बिना चिट्ठी–तार के करोड़ों लोग महाकुंभ में जुटते हैं। संतों के अखाड़े और श्रद्धालुओं का सैलाब महाकुंभ को विशिष्ट बनाता है। देश के कोने–कोने से जुटे कल्पवासी गंगा,जमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर मोक्ष की आकांक्षा से जुटते हैं। अनुमान है कि इस बार 40 से 45 करोड़ लोग डेढ़ माह तक चलने वाले महाकुंभ में जुटेंगे। यूं तो पूर्णकुंभ व अर्धकुंभ का आयोजन होता है लेकिन महाकुंभ का आयोजन सिर्फ प्रयागराज में ही आयोजित होता है, जिसके लिये उ.प्र. सरकार ने इस बार सात हजार करोड़ रुपये का बजट रखा है। सही मायनों में ये शासन की प्रशासन क्षमता की भी परीक्षा है कि कैसे 25 सेक्टरों में बंटे इस आयोजन को विघ्न–बाधाओं से मुक्त बनाया जाता है। राजयोग स्नान को शाही स्नान कहा जाता है। पहला शाही स्नान आज मकर संक्रांति को, दूसरा 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीसरा शाही स्नान तीन फरवरी को बसंत पंचमी को आयोजित होगा। 14वीं से 16वीं सदी के बीच आम लोगों व संतों के बीच टकराव टालने के लिये शाही स्नान की परंपरा शुरू हुई थी। कालांतर संतों व अखाड़ों को विशिष्ट सम्मान देने के लिये हाथी, घोड़ों व रथों पर पेशवाई निकाली जानी शुरू हुई, जिसे शाही स्नान की संज्ञा दी गई। सोमवार से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ स्थल पर हर तरफ तंबुओं में बसा एक शहर नजर आ रहा है। जिसकी आबादी दुनिया के कई देशों से अधिक होगी। आस्था के इस संगम पर उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशासन क्षमता की भी अगले कुछ सप्ताहों में परीक्षा होने वाली है। यूं तो महाकुंभ के सुचारू संचालन के लिये चप्पे–चप्पे पर बैरिकेडिंग है, सुरक्षा बलों का जमावड़ा है, वज्रवाहन, ड्रोन, बम निरोधक दस्तों के साथ ही एनएसजी के सदस्य मौजूद हैं। लेकिन पहली बार महाकुंभ की सबसे बड़ी खासियत इसका डिजिटल तकनीक से संचालन है। इसीलिए इस महाकुंभ को डिजिटल महाकुंभ भी कहा जा रहा है। जिसके लिये महाकुंभ मेला ऐप, एआई चैटबॉट और क्यूआर कोड का सहारा लिया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। नई तकनीक के माध्यम से खोये लोगों को तलाशने की व्यवस्था की गई है।



**ललित शर्मा**
संपादक

# चुनावी जीत की नई इबारत लिखती महिला मतदाता



चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने के लिये आकर्षक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुफ्त की सुविधाएं देने की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने लगे हैं। महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई कल्याणकारी योजनाएं एवं मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रही हैं। महिलाओं के खाते में सीधे नगद ट्रांसफर की जाने वाली स्कीम तो भारत की राजनीति में वोट बटोरने का एक जांचा-परखा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। यूं तो लम्बे समय से महिलाओं को लेकर तरह-तरह की घोषणाएं होती रही है लेकिन मध्य प्रदेश में इस योजना की कामयाबी के बाद यही कहानी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में दोहरायी गयी है। जिससे चुनावों में लगातार महिला मतदाताओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की दल की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। इसी विषय को लेकर एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला केंद्रित योजनाओं के कारण इन महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 में कुल मतदाता 83.4 करोड़ थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गये हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। एसबीआई रिसर्च टीम की रिपोर्ट के मुताबिक देश में अब 100 पुरुष मतदाताओं पर 95 महिला मतदाता की संख्या है। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक शुभ संकेत है।

नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन बार के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन मिल रहा है, स्वतंत्र पहचान मिल रही है और वे राजनीति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है। मोदी सरकार ने 27 साल से भी ज्यादा इंतजार के बाद पहली बार महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया। इस बीच मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे विधेयक ने जहां प्रधानमंत्री मोदी के कद को बढ़ाया वही महिलाओं की राजनीति में सक्रियता एवं मतदान में अधिक हिस्सेदारी को नये पंख दिये हैं। इन योजनाओं से 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा स्कूलों छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है।

अब महिलाएं राजनीति एवं राजनेताओं के वजूद को बनाने में महत्वपूर्ण हो गयी है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ दलों की चुनावों के बाद फिर वापसी में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रही। मध्यप्रदेश में लाडली बहन, महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन व झारखंड में मंईयां सम्मान योजना इसके उदाहरण हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी, ओडिशा में शुभद्रा योजना तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना सामने आई है। यह होड़ आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी नजर आ रही है। एक ओर जहां आप सरकार ने महिला वोटरों के लिये महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का वायदा किया, वहीं कांग्रेस ढाई हजार रुपये देने की योजना बना रही है। इस दिशा में भाजपा भी गंभीर है। दरअसल, दिल्ली में महिला वोटरों का प्रतिशत पुरुष वोटरों के पास पहुंच गया है। कहा जाता है कि साल 2020 के चुनावों में महिला मतदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जरूरत इस बात की है कि महिलाओं से जुड़ी योजनाएं एवं उन्हें दी जाने वाली मुफ्त सुविधाएं सत्ता प्राप्ति या वोट हासिल करने का स्वार्थी हथियार न होकर स्थायी प्रभाव व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया हो।

उल्लेखनीय तथ्य है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास हुआ है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। केन्द्र एवं राज्यों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिला मतदान बढ़ा है, जिनमें 45 लाख महिलाएं साक्षरता में वृद्धि के कारण मतदाता बनी हैं, 36 लाख महिलाएं रोजगार और मुद्रा योजना की वजह से मतदान किया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का मालिक बनने के कारण 20 लाख महिलाएं मतदान के लिए गई थी और वहीं 21 लाख महिलाएं स्वच्छता, बिजली और पानी की पहुंच में सुधार के कारण मतदान के लिये अग्रसर हुई।

चुनाव के दौरान नेताओं एवं राजनीतिक दलों के द्वारा किए गए मुफ्त सुविधाओं के वादों को केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके आर्थिक पक्ष पर भी विचार किया जाना चाहिए। पंजाब में महिलाओं को एक हजार रुपये देने के आम आदमी पार्टी की घोषणा के बावजूद यह राशि न देना महिलाओं को ठगना है, उनके सम्मान को आघात लगाना है। अगर इन वादो के लिए राज्य के पास अपर्याप्त धन और सीमित संसाधन हैं तो ऐसे वादो से बचना चाहिए। राज्यों द्वारा चुनावी फायेद के लिए की गई मुफ्त सुविधाओं की घोषणा के लिए राजस्व जुटाना मुश्किल हो जाता है। मुफ्त की योजनाओं से राज्य का आर्थिक ढांचा कमजोर हो सकता है क्योंकि दी जाने वाली सब्सिडी का राज्य की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। अगर कोई सत्ताधारी दल, राजनीतिक लाभ के लिये सरकारी पैसे को मुफ्तखोरी पर खर्च करते हैं, तो इससे राज्य का वित्तिय ढांचा बिगड़ सकता है। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के दौरान सार्वजनिक धन से मुफ्तखोरी और तर्कहीन वादे करना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं। मुफ्तखोरी की घोषणाएं स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की धारणा के खिलाफ है क्योंकि जाहिर तौर पर हर राजनीतिक दल की सार्वजनिक धन तक पहुंच नहीं होगी। मुफ्त के वादे को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी सवाल है कि यह प्रथा कैसे नैतिक है क्योंकि यह मतदाताओं को लुभाने के लिए एक तरह से रिश्वत देने के समान है। जानकारों का मानना है कि श्रीलंका के आर्थिक पतन का कारण वहां के राजनीतिक दलो द्वारा दिए गए मुफ्त उपहार रहे हैं। हालांकि गरीबों की मदद के लिए चिकित्सा, शिक्षा, पानी और बिजली जैसी आधारभूत जरुरतों और कुछ कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन के व्यय को जायज ठहराया जा सकता है। इसी तरह महिलाओं के लिये कुछ योजनाएं रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दृष्टि से उपयोगी हो सकती है। लेकिन इन योजनाओं को वोट हथियाने का माध्यम बनाना लोकतंत्र के लिये शुभ नहीं है। केवल सत्ता प्राप्ति के लिए मुफ्त की राजनीति का खेल न खेलकर हमें स्वस्थ लोकतंत्र एवं उज्ज्वल चरित्र को बढ़ावा देना चाहिए। वोट पाने की खातिर लोकतंत्र की आत्मा को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए। **– ललित गर्ग**

**कृष्णा चौहान**

**चार दिन की जिंदगी हैं**

**कविता**



चार दिन की जिंदगी हैं,
हर पल मुस्कुराना हैं !
सुख–दुख उतार–चढाव,
जीवन में लगा रहता हैं !

क्रोध, लोभ, जलन,
घमंड नहीं करना हैं !
मीठी भाषा बोलना हैं,
मिल जुलकर रहना हैं !

चार दिन की जिंदगी हैं,
अच्छे कर्म करना हैं !
सत्य के राह पर चलकर,
कठिन परिश्रम करना हैं !

धन संपत्ति पैसा,
सब यही रह जाएगा !
खाली हाथ आए हैं,
खाली हाथ जाना हैं !

चार दिन की जिंदगी हैं,
एक दिन राख होना हैं !
चार कंधो पर,
यूं ही चले जाना हैं !

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 20 जनवरी 2025 को संभावित शपथ ग्रहण-बयानों को अमली जामा पहनाने पर विश्व की नजरे



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में एक अंजाना अफरातफरी का माहौल बना हुआ है, जानकारों का कहना है यह सब डीप स्टेट के कारण जो,एक प्रकार की सरकार है जो संभावित रूप से गुप्त और अनधिकृत शक्ति नेटवर्क से बनी होती है जो राज्य के राजनीतिक नेतृत्व से स्वतंत्र रूप से अपने स्वयं के एजेंडे और लक्ष्यों की खोज में काम करती है। लोकप्रिय उपयोग में, यह शब्द अत्यधिक नकारात्मक अर्थ रखता है और अक्सर षड्यंत्र के सिद्धांतों से जुड़ा होता अभी 25 दिसंबर2024 को पाक ने अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर दिया है जिसमें करीब 26 लोगों की मृत्यु की संभावना बताई जा रही है, तो वहीं बांग्लादेश नेपाल श्रीलंका की स्थिति भी हमने देखी है अब म्यांमार का खेला शुरू हो गया है। इधर बांग्लादेश में रोहिंग्या गठजोड़ का खतरा बढ़ रहा है, तो उधर रूस यूक्रेन हमास इजरायल युद्ध पहले से ही चला हुआ है हालांकि हमास इजरायल में अभी 2 माह का शांति समझौता हुआ है। मेरा मानना है कि यह सब किसी अकेले देश का का काम नहीं हो सकता यहां जरूर तथाकथित डीप स्टेट का हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता, परंतु जिस प्रकार डोनाल्ड ट्रंप अपने चुनावी भाषणों में इस संबंध में बयान बाजी की थी, क्या 20 जनवरी 2025 को पदवार ग्रहण करने के बाद डीपस्टेट सहित सभी समस्याओं का समाधान शुरू होगा? इसपर पूरी दुनियाँ की नजरें लगी हुई है तो इधर कुछ दिनों से ट्रंप का पनामा नहर, ग्रीनलैंड खरीदने व अनेक देशों पर टैरिफ बढ़ाने या डॉलर पर शिकंजा कसने वालों को सबक सिखाने की बयान बाजी मीडिया के अनेकों प्लेटफॉर्म्स पर आ रही है, तो क्या व्हाइट हाउस में प्रवेश करते ही इन मुद्दों को अमली जामा पहनाया जाएगा या फिर हवा में उड़ाकर जुमले साबित होंगे इसपर पूरी दुनियाँ की नजरें लगी हुई है। इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप के व्हाइट हाउस में दाखिल होते ही साउथ एशिया, भारत के पड़ोसी देश व दुनियाँ की अर्थव्यवस्था में प्रभाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता

साथियों बात अगर हम ट्रंप के 20 जनवरी 2025 को शपथ ग्रहण से भारत पर संभावित प्रभाव की करें



तो,पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में बांग्लादेश मेंतख्तापलट के दौरान हिंदुओं ओर अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुई हिंसा की भी कड़ी निंदा की है, अब तक कई सारी ऐसी रिपोट्र्स सामने आ चुकी हैं, जो इस बात की तस्दीक करती हैं कि बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद सैकड़ों हिंदुओं को जानलेवा हमलों का सामना करना पड़ा था.

डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाला प्रशासन साफतौर पर अमेरिका केंद्रित ट्रेड पॉलिसीज पर ही जोर देगा, साथ ही भारत पर व्यापार बाधाओं को कम करने और टैरिफ का सामना करने का दबाव डालेगा। ऐसे में भारत का आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल क्षेत्र का निर्यात बड़े स्तर पर प्रभावित हो सकता है। इसी साल सितंबर में ट्रंप ने आयात शुल्क के मामले में भारत को एब्यूजर यानी दोहन करने वाले की संज्ञा दी थी। इसके बावजूद उन्होंने पीएम की तारीफ करते हुए उन्हें शानदार व्यक्ति बताया था। मिशिगन के फ्लिंट में एक टाउन हॉल के दौरान, व्यापार और शुल्कों पर चर्चा करते हुए ट्रंप ने कहा था कि इस मामले में भारत एक बहुत बड़ा एब्यूजर है।ये लोग सबसे चतुर लोग हैं, वे पिछड़े नहीं हैं।भारत आयात के मामले पर शीर्ष पर है, जिसका इस्तेमाल वह हमारे खिलाफ करता है।बता दें कि भारतीय प्रोडक्ट्स के लिए अमेरिका एक बहुत बड़ा बाजार है, आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो 2023-24 में भारत ने अमेरिका से 42.2 बिलियन डॉलर की वस्तुओं का आयात किया था. वहीं, भारत ने अमेरिका में तकरीबन 77.52 बिलियन डॉलर का निर्यात किया था, इसको लेकर ट्रंप ने कहा था कि अगर उनकी सरकार आती है तो इस स्थिति को बदलेंगे और भारत पर टैरिफ शुल्क कम करने को लेकर भी दबाव बनाएंगे।अगर फिर भी बात नहीं बनी तो उन्होंने भारत से निर्यात होने वाले प्रोडक्ट्स पर टैक्स बढ़ाने की चेतावनी दी है। साथियों बात अगर हम भारत के पड़ोस पहले वाली नीति की करें तो,भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ पड़ोसी पहले नीति के साथ मित्रतापूर्ण और परस्पर सहयोग वाले संबंध चाहता है। हालांकि, साल 2024 में पड़ोसी देशों में राजनीतिक उथल-पुथल और कई ऐसी घटनाएं हुईं, जिससे कूटनीति के साथ द्विपक्षीय संबंधों में कड़वाहट महसूस की गई,बांग्लादेश हो या मालदीव या नेपाल, इन देशों में हुएघटनाक्रमों ने भारत को असहज किया। हालांकि इस साल भारत और चीन के बीच सीमा विवाद पर महत्वपूर्ण प्रगति देखने को मिली, पांच साल में पहली बार पीएम और चीनी राष्ट्रपति के बीच रूस के कजान शहर में एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक हुई, इससे पहले दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दो प्रमुख टकराव बिंदुओं से सेना को हटाने की घोषणा की थी।2014 में पीएम के नेतृत्व में शुरू की गई 'पड़ोसी पहले नीति' भारत के पड़ोसियों के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय स्थिरता, आर्थिक एकीकरण और आपसी समृद्धि सुनिश्चित करने पर जोर देती है, यह नीति बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार, मालदीव, पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित दक्षिण एशिया के देशों के साथ सहयोग को प्राथमिकता देती है। साथियों बातअगर हम ट्रंप के व्हाइट हाउस जाने के पहले बयानों व उन्हें क्रियान्वयन करने की संभावना की करें तो, अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ने अभी पद की शपथ भी नहीं ली है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हरियाणा सरकार ने विज्ञापनों पर सात महीने सत्रह दिनों में 1,36,76, 6918 रु. किए खर्च, आरटीआई में खुलासा

वेलकम इंडिया

**दिल्ली।** पिछली हरियाणा सरकार में चुनावों से पूर्व सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग ने मात्र सात महीने सत्रह दिनो में सरकार की उपलब्धियां बताने वाले विज्ञापनों पर एक अरब छत्तीस करोड़ छिअत्तर लाख छह हजार नौ सौ अठारह रुपए खर्च कर दिए, इसका खुलासा आरटीआई द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट और हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्रसिह तोमर राजा भईया ने करते हुऐ बताया कि उन्हें उपरोक्त विभाग से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत एसपीआईओ कम ज्वॉइंट डायरेक्टर एडमिन के द्वारा सूचना दी गई है कि उपरोक्त अवधि में सरकार की उपलब्धियां बताने वाले विज्ञापनों के भुगतान हेतु दिनांक 01/01/2024 से 17/08/2024 तक प्रिंट मीडिया को 76,60,87,657/-- रु और इलैक्ट्रोनिक मीडिया को 60,15,81522/-- रु के भुगतान किए गए हैं। साथ ही भुगतान वसूलने वाले अखबारों की सूची भी उन्हें दी गई



■ राजा भईया ने सीवीसी. और सीबीआई में दर्ज कराई शिकायतें

है परन्तु इलैक्ट्रोनिक मीडिया में किन किन को भुगतान किया गया है उसकी कोई सूचना उन्हें नहीं दी गई ? मुख्यतह ₹ महारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा ₹ के नाम से विज्ञापन प्रकाशित कराए गए थे, दी गई सूची में ऐसे तमाम तीन सौ बीस समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के नाम हैं जिन्हें ये भुगतान किया गया है परन्तु ज्यादातर वह समाचार पत्र हरियाणा राज्य में ना तो प्रसारित है और ना ही वहां से




प्रकाशित होते हैं हरियाणा राज्य से बाहर अन्य राज्यों से ही प्रकाशित होते हैं और अन्य राज्यों में ही प्रसारित होते हैं, नियमानुसार उनका सकुर्लेशन भी माप दण्डों को शायद ही पूरा करता हो ? इस बाबत आज राजा भईया ने इसे तत्कालीन हरियाणा सरकार द्वारा मात्र वाह वाही लूटने के लिए उनसे व जनता से वसूले टैक्स के रुपयों की बबार्दी बताते हुये जनहित में केंद्रीय सतर्कता आयोग के मुख्य आयुक्त,निदेशक सीबीआई और हरियाणा राज्य के मुख्यसचिव को लिखित शिकायतें की है उन्होंने शिकायतों और आरटीआई से प्राप्त सूचनाओं की प्रतियां पत्रकारों से सांझा करते हुऐ कहा कि इतनी बड़ी रकम राज्य की जनता कि भलाई के लिए अन्य कार्यों जैसे जनहित, न्यायहित, स्वास्थ्यहित, शिक्षाहीत, रोजगारहित, सुरक्षाहित आदि पर खर्च की जाती तो इसका लाभ सीधे जनता को मिलता पर इतनी बड़ी रकम को केवल सरकार ने अपनी वाह वाही लूटने के लिए सिर्फ विज्ञापनों पर खर्च कर दिया ये ना तो न्याय संगत है और ना ही जनहित में है, यह सीधे सीधे राजस्व के दुरूपयोग का मामला है और इस प्रकार खर्च की गई रकम का कैसा भी कोई लाभ आम जनता को नहीं मिला है, उन्होंने इस पूरे प्रकरण की और, इतनी बड़ी रकम का दुरूपयोग कर भुगतान करने, संबंधित लोगों/फार्मों को विज्ञापन देने तथा उनके दिए बिलों को पास करने वाले सभी संबंधित व्यक्तियों, अधिकारियों व कमार्चारियों एवं राजनैतिक संबंधित व्यक्तियों , संबंधित ऑन लाईन सॉफ्टवेयरों आदि के विरुद्ध जांच कराने और उचित कानूनी एवं विभागीय कार्यवाही करने की बात करते हुऐ शिकायतें दर्ज कराई है, राजा भईया का यह कार्य निसंदेह ही सराहनीय और जनहित में है अब सभी की नजरें उनकी दर्ज कराई गई शिकायतों पर होने वाली जांच और की जाने वाली कार्यवाहियों पर टिकी हैं।

# वंचित व शोषित वर्ग के लिए हर तरह तैयार है हमारा संगठन : मनी सिंह



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** आम जनमानस के मानवाधिकार को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की एक अहम बैठक प्रदेश उप सचिव मनी सिंह के आवास पर हुई। इस बैठक में प्रदेश उप सचिव मनी सिंह द्वारा संगठन के विस्तार को लेकर उपस्थित सभी महिला एवं पुरुष पदाधिकारी से विस्तार से चर्चा की गई, इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि किसी भी प्रकार से समाज में वंचित एवं शोषित वर्ग के लोगों का शोषण सरकारी तंत्र या सामाजिक तंत्र द्वारा रोका जा सके। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के मानव अधिकारों को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए ही संगठन की स्थापना की गई है, इसलिए प्रत्येक संगठन के पदाधिकारी और सदस्य को सजग रहते हुए अपने आसपास वंचित एवं शोषित वर्ग के सभी व्यक्तियों का ख्याल रखना होगा। यही हमारे संगठन का मूल उद्देश्य है। इसी के साथ उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पूरी तरह सक्रिय रखने पर भी जोर दिया। मनी सिंह द्वारा सभी नए सदस्यों को संगठन के कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को लोहड़ी और मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव संजीव शर्मा, डॉक्टर प्रेम सिंह, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा करुणा सैनी, जिला सचिव धीरेंद्र गंगवार, राजेन्द्र प्रसाद, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मिथलेश कश्यप, मण्डल मंत्री गुड्डी सिंह, धीरेंद्र सिंह, संजीव सिंह, निरंकार नारायण, हरीश शर्मा, अलका शुक्ला, निर्मल शर्मा व अरुण कश्यप उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति को खिचड़ी पर्व के रूप में मनाया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सीबीगंज कस्वे के विभिन्न क्षेत्रों में मकर संक्रांति को विशिष्ट पर्व के रूप में मनाया जा रहा है, इस अवसर पर सीबीगंज हनुमान मंदिर के सामने क्षेत्रीय पार्षद रचित गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता राजन श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, व अन्य समाजसेवियों ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया।



इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजन श्रीवास्तव ने कहा कि यह पर्व हमारे देश की समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, इस वर्ष मकर संक्रांति पर महाकुम्भ 2025 का प्रथम अमृत स्नान सम्पन्न हो रहा है यह हम सबके लिए सौभाग्य का अवसर है। मकर संक्रांति और खिचड़ी पर्व पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देना चाहता हूं। क्षेत्रीय पार्षद रचित गुप्ता ने कहा कि सीबीगंज क्षेत्र में मकर संक्रांति का विशिष्ट पर्व विभिन्न रूपों में मनाया जा रहा है। यह पर्व हमारे लिए बहुत महत्व रखता है।

पत्रकार और समाजसेवी सुनील गुप्ता ने कहा कि आज के दिन से ही सूर्यदेव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उत्तरायण हो जाते हैं। उत्तरायण को सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है।

इस अवसर पर गुलशन गुप्ता, नवीन सिंह राघव, सागर गुप्ता, प्रेम शंकर गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मोहित श्रीवास्तव, दीपक चोपड़ा आदि ने खिचड़ी वितरण में सहयोग किया।

## पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल केशवनाथ के निकट पर्यवेक्षण में थाना बेलहरकला उ0नि0 नन्दू गौतम थानाध्यक्ष बेलहरकला, व0उ0नि0 शैलेन्द्र सिंह, उ0नि0 सुरेन्द्र प्रसाद, का0 बृजेश सिंह, म0का0 पुष्पांजली ने बीएनएस थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर के मामले में वांछित अभियुक्त नाम पता राजन गौंड पुत्र पट्टू उर्फ जय हिंद गौंड निवासी रमवापुर सरकारी थाना बेलहरकला जनपद संतकबीरनगर को सरहरा मोड़ पुलिया के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# बाबा बैजनाथ महाविद्यालय की टीम ने जीता वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** क्षेत्र के श्री दरबारी लाल विमला देवी कृष्ण कुमार महाविद्यालय एवं श्री दरबारी लाल जन सहयोगी इंटर कॉलेज कलुआमऊ के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित अंतर्जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बाबा बैजनाथ महाविद्यालय की टीम ने जीता। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोहा। वार्षिकोत्सव मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन रूदौली विधायक राम चंद्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने किया। प्रतियोगिता में अयोध्या



सुल्तानपुर व अमेठी जिलों की 14 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला संत भीखादास महाविद्यालय मोहली व श्री गणेश सिंह महाविद्यालय अहरन सुवंश हरदोइया की टीम के बीच खेला गया जिसमें श्री गणेश सिंह महाविद्यालय की टीम विजई रही तथा दूसरा मुकाबला कीन्हूपुर व बाबा बैजनाथ महाविद्यालय की टीम के मध्य खेला गया जिसमें बैजनाथ महाविद्यालय की टीम ने बाजी मारी। बेस्ट ऑफ थ्री फाइनल मुकाबले में बाबा बैजनाथ महाविद्यालय की टीम ने श्री गणेश सिंह महाविद्यालय को 3/2से पराजित किया। विजेता उपविजेता टीमों को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने शील्ड प्रदान की। तथा उम्दा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विमल सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। रामेंद्र चतुर्वेदी ने स्कोरर और कमेंटेटर की भूमिका का निर्वहन किया।उपस्थित जनसमूह ने विद्यालय के छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कृत भी किया।

दरबारी लाल शिक्षण संस्थान के प्रबंधक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का आभार प्रकट किया तथा श्री दरबारी लाल विमला देवी कृष्ण कुमार महाविद्यालय कलुआमऊ के प्राचार्य प्रदीप श्रीवास्तव एवं इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर संदीप श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

इस अवसर पर राम सजीवन मिश्रा, संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश ओझा, डा० सर्वेश तिवारी, डॉ देवेंद्र कुमार शुक्ला, शुक्ला, दीपक कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख कमलेश यादव, राकेश तिवारी,स्वामी प्रसाद मिश्र, अरुण द्विवेदी, रजनीश मिश्रा, पवन पाण्डेय, दिवाकर पांडेय,सहित भारी संख्या में अभिभावक व विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

# पार्षद महोदय डाकघर का हैंड पंप सक्रिय कराने का कष्ट करें : हरवंश कश्यप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सीबीगंज पोस्ट ऑफिस के परिसर में लगा हुआ इंडिया मार्का हैंडपंप पिछले कई महीनो से खराब पड़ा हुआ है, लेकिन इस तरफ नगर निगम का जलकल विभाग और क्षेत्रीय पार्षद कोई गौर नहीं कर रहे, जबकी इस पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड बनवाने से लेकर अपडेट कराने को लेकर रोजाना सीबीगंज क्षेत्र के साथ आसपास के क्षेत्र के भी सैकड़ो लोग आया करते हैं लेकिन इस हैंड पंप को सुधरवाने की सुध अभी तक ना तो डाकघर के प्रशासनिक अधिकारियों ने ली है और ना ही नगर निगम की तरफ से पार्षद या किसी अन्य जलकल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ने इस तरफ कोई गौर फरमाया है। हालांकि अब जल न होने जैसी महत्वपूर्ण समस्या को लेकर अब क्षेत्रीय लोगों ने क्षेत्रीय पार्षद से व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अपील



करना शुरू कर दिया है कि वह जल्द से जल्द इस हैंड पंप को सुधरवाने का कष्ट करें ताकि जल जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था से किसी को वंचित न रहना पड़े, इसके लिए सीबीगंज क्षेत्र के पूर्व पार्षद हरबंस कश्यप ने मौजूदा पार्षद रचित गुप्ता से इस इंडिया मार्का हैंडपंप को जल्द सक्रिय करने के लिए आग्रह किया है।

## तीन अलग-अलग स्थानों पर मारपीट दो महिलाओं सहित तीन घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी महिला ने अपने पति, सास, ससुर सहित पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी महिला अफसाना पत्नी मुबारिक ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि आए दिन पीड़िता का पति पीड़िता के साथ मारपीट करता है। मंगलवार को पीड़िता के पति मुबारिक ने अपने पिता समयदीन, मा नफीसा व भाई इरफान के साथ मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के गांव गुर्जरपुर निवासी महिला वीनस पत्नी नसीम ने अपने परिवार के ही अकरम, शाहिद, मोहसिन व जावेद पर मारपीट करने का आरोप लगाया है, जबकि कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी साहिर पुत्र साजिद ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित कैराना से बस में सवार होकर वापस कांधला कर रहा था।

# चन्द्रभानु पासवान मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार घोषित, भाजपाइयों में ख़ुशी की लहर

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी ने मिल्कीपुर उपचुनाव में चन्द्रभानु पासवान को उम्मीदवार बनाया गया है। उनके नाम की घोषणा के बाद भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया। चन्द्रभानु पासवान की पत्नी कंचन पासवान वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य है। 2015 के चुनाव में भी वह जिला पंचायत सदस्य की चुनाव जीती थी। चन्द्रभानु पेशे से अधिवक्ता है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि पार्टी में पूर्ण आंतरिक लोकतंत्र है। पार्टी का छोटा से छोटा कार्यकर्ता पार्टी के प्रति अपने समर्पण से आगे बढ़ सकता है। चन्द्रभानु पासवान ने कहा डबल इंजन की सरकार में हुए विकास को हर व्यक्ति ने किसी न किसी तरह से महसूस किया है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा उसके



सफल क्रियान्वयन से जनता में पार्टी के प्रति उत्साह का माहौल है।

मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि पार्टी चुनाव को लेकर लगातार एक्टिव मोड में है। चुनाव प्रबंधन समिति का गठन हो गया है। कार्यकर्ता व पदाधिकारी चुनाव को लेकर लगातार एक्टिव है। टोली बनाकर हर घर हर मतदाता तीन बार सम्पर्क का लक्ष्य लेकर घर-घर सम्पर्क व संवाद किया जा रहा है। मतगणना के दिन भारी अंतर से मिल्कीपुर में भगवा लहराएगा। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने कहा भाजपा कार्यकर्ता चुनाव को लेकर लगातार क्षेत्र में सम्पर्क व संवाद कर रहें है। चुनाव में पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन किया जाएगा। टिकट की घोषणा होने के बाद पूर्व सांसद लल्लू सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अमित सिंह चौहान, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, रामू प्रियदर्शी महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, इंद्र भान सिंह, नीरज कन्नौजिया, राधेश्याम त्यागी, बब्लू पासी, काशीराम रावत, राघवेन्द्र पाण्डेय, सहित अन्य पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है।

# घरौनी के बन जाने से होंगे कई फायदे: अब्दुल कलाम

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां के गांव दुधारा में ग्राम प्रधान अब्दुल कलाम की मौजूदगी में ग्रामीणों में घरौनी का वितरण किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सेमरियावां ब्लाक के गांव दुधारा स्थित पंचायत भवन में ग्राम प्रधान अब्दुल कलाम ने ग्रामीणों में घरौनी का वितरण किया। इस दौरान 500 ग्रामीणों को घरौनी प्रदान किया गया।

ग्राम प्रधान अब्दुल कलाम ने कहा कि घरौनी योजना के तहत गांव के सर्वे के आधार पर घरों का स्वामित्व तय करना था, जिसके बाद उस व्यक्ति के नाम पर दस्तावेज तैयार होने थे। घर का दस्तावेज होने की दशा में जरूरतमंद अपनी जमीन के कागज के आधार पर जरूरत के अनुसर



बैंक से ऋण भी ले सकते हैं। इस योजना का फायदा यह होगा कि गांवों में संपत्तियों पर कब्जे को लेकर झगड़े-फसाद में कमी आएगी। गांव के लोग अपने मकान की घरौनी को बंधक रखकर बैंक से अपनी जरूरतों के लिए कर्ज ले सकेंगे।

इस अवसर पर लेखपाल राम करण शर्मा, महफूज खान, मुहम्मद परवेज अख्तर, अतीकुर्रहमान, अताउल्लाह खान, अब्दुल करीम, आशीष यादव, अब्दुस्सलाम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# आनंदा डेयरी ने आनंदा उत्सव का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**हापुड़।** आनंदानगर, पिलखुआ।आनंदा डेयरी लिमिटेड ने अपने पिलखुआ स्थित मुख्य परिसर में ₹आनंदा उत्सव₹ का आयोजन किया। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों पशुपालक किसान, डिस्ट्रीब्यूटर और आनंदा टीम के कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौलाना विधायक धर्मेश तोमर ने किसानों, डिस्ट्रीब्यूटरों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए गोल्ड , सिल्वर और ब्रॉन्ज प्रशस्ति पत्रों के साथ पुरस्कार प्रदान किए।विशेष आयोजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आनंदा डेयरी के चेयरमैन डॉ. राधेश्याम दीक्षित ने कार्यक्रम में आए सभी परिवारों को संबोधित करते हुए सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण का शुद्धिकरण होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।उत्सव के दौरान विभिन्न



सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें फोक डांस, जादूगर शो, राम कीर्तन और झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें विजेताओं को आनंदा की डायरेक्टर सुनीता दीक्षित ने पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।महत्वपूर्ण उपस्थिति

कार्यक्रम में रघुराज प्रताप कोतवाली प्रभारी पिलखुवा,सतपाल सिंह भाजपा जिला प्रभारी अमरोहा,आनंदा की डायरेक्टर सुनीता दीक्षित, सूरज दीक्षित, राहुल दीक्षित, प्रवीण मित्तल, दिनेश प्रधान खेरपुर खेराबाद भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी और अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

आनंदा का संकल्प यह उत्सव आनंदा डेयरी के प्रति किसानों, डिस्ट्रीब्यूटर्स और कर्मचारियों के योगदान को सराहने और उनके साथ साझेदारी को मजबूत करने का प्रतीक है। आनंदा हमेशा अपने उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आगे भी हम नए उत्पादों के आरएनडी और विकास में लगातार जुटे रहेंगे।

# मकर संक्रांति पर्व पर राष्ट्रीय लोक दल झांसी के कार्यकर्ताओं ने किया कम्बल वितरण

वेलकम इंडिया

**झांसी।** राष्ट्रीय लोक दल झांसी के कार्यकताओं ने सखी के हनुमान जी मंदिर पर गरीब, बेसहारा एवं जरूरतमंद महिलाओं के चहरे पर खुशी लाने का एक प्रयास किया जिसके तहत रालोद कार्यकताओं ने जरूरतमंद एवम वृद्ध महिलाओं को कम्बल एवम खाद्य सामग्री का वितरण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह पिपरा उपस्थित रहे। जिला प्रवक्ता अनिल मौर्या एवम महानगर संयोजक रोहित भार्गव ने जिला एवम महानगर कार्यकरणी के सहयोग से कड़ाके की ठंड में गरीब एवम वृद्ध महिलाओं को राहत दिलाने के लिए कम्बल एवम खाद्य सामग्री वितरण का आयोजन किया।

सैकड़ों को संख्या में गरीब व वंचितों के बीच कम्बल वितरण किये



गए। तदोपरांत रोलोद कार्यकर्ताओं ने जन चेतना आश्रम ग्राम बूढा पहुँच कर आश्रम में खिचड़ी का भोग लगवा कर श्रद्धालुओं को खिचड़ी वितरण की।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पुरषोत्तम यादव मैरी, प्रवीण मिश्रा, आलोक गोस्वामी, हैरान सिंह मुस्तरा, रिंकू यादव, मयंक खत्री, सौरभ सिंह बुन्देला, विश्वजीत सिंह,सरदार विजय सिंह,बबलू महाराज, सूरज खटीक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव मौसम की तरह बदल रहा है अपना रुख

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** अयोध्या के मिल्कीपुर विधान सभा की बहुचर्चित हाट सीट मानी जा रही है विधान सभा मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर अधिक तर आम जनता अपना बयान देने से बचती नजर आ रही है।मिल्कीपुर का उपचुनाव में सत्ता रुढ पार्टी व गैर सत्ता रुढ पार्टी के बीच सीधा टक्कर दिखता नजर आ रहा है। सूबे के मुख्य मंत्री ने कुंदरकी और कटेंहरी विधान सभा की तरह मिल्कीपुर की कमान अपने हाथ में लेकर चुनाव को और अहम बना दिया है।इसको लेकर भाजपा कार्य कर्ताओ ने अब ए संकल्प ले लिया है की अयोध्या का हार का बदला मिल्कीपुर चुनाव जीत कर लेना है। वहीं सेन परिवार को लेकर जो लोगो में संशय था।वह धुंध के बादल छट गए और सूत्रों के अनुसार सेन परिवार एक बार फिर मिल्कीपुर उपचुनाव की कमान सभालते ही उपचुनाव का रुख बदल दिया। जिससे समाजवादियों का चेहरा एक बार फिर खिल उठा।वहीं समाजवादी पार्टी के कार्य कर्ताओ में एक नया जोश दिखता नजर आया और मिल्कीपुर उपचुनाव में हैट्रिक लगाने को बेताब है।बताते चले की मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव को देखे तो ऐसा लग रहा है जैसे मौसम अपना रुख बदलता है वैसे मिल्कीपुर के उप चुनाव में दिन प्रतिदिन देखने को मिल रहा है सत्ता पक्ष हो या विपक्ष कोई यह नहीं समझ पा रहा है की मिल्कीपुर में होगा क्या।भाजपा और सपा दोनों बड़ी पार्टियों ने अपनी अपनी पूरी ताकत झोंक रखा है।भरतीय जनता पार्टी ने पुराने प्रत्यासीयों के ऊपर दाँव न लगा कर नये प्रत्यासी चंद्र भान पासवान पर विश्वास करते हुए मिल्कीपुर विधान सभा उपचुनाव में प्रत्यासी घोषित कर सभी को चौका दिया है।अब मिल्कीपुर की बागडोर मिल्कीपुर की जनता किसको सौपने जा रही है।अभी कयास लगाना आसान नहीं होगा ।मिल्कीपुर की जनता बहुत ही समझदार और बहुत ही विचित्र है कब किसको राजा बना दे और कब किसको भिखारी 1990 से लेकर 2024 तक का रिकार्ड उठाकर देखे तो पता चलता है की मिल्कीपुर के मतदाताओं ने अपना निर्णय चौकाने वाला हमेशा दिया है।

# एसपी ने देर रात्रि में थाना हाथरस गेट पर विवेचकों का किया अर्दली रुम, अपराध व विवेचनाओं की समीक्षा

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** देर रात्रि में पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा थाना हाथरस गेट पर अर्दली रूम में विवेचक-अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर लंबित अभियोगों की विवेचना, आंशिक रूप से लम्बित विवेचनाएं, लंबित जांच प्रार्थना पत्रों व लंबित प्रारंभिक जांचो आदि की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी द्वारा लंबित विवेचनाओं विशेषकर महिला संबंधी अपराधों तथा एससीएसटी एक्ट से संबंधित अभियोगो के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

एसपी द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे-तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाना के माल का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित रूप से कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए इसके अतिरिक्त गैंगेस्टर के प्रकरणों में अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 14(1) के प्रकरणों में सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की गयी तथा अपराधियों के विरूद्ध खोले गए एच0एस0, अभियुक्तों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के तहत अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर ज्यादा से ज्यादा गैंग रजिस्ट्रेशन हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पीड़ित फरियादियों के आने पर उनकी समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उसका तत्काल निस्तारण किया जाए। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी चौकी प्रभारी/हल्का प्रभारियों को ब्रीफ करते हुए निर्देशित किया कि सभी अपने अपने क्षेत्र में नियमित पैदल गस्त करे, लोगो से संवाद रखे । महिला संबंधी अपराधों में शीघ्रता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## साइकिल सवार मजदूर की अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई मौत

**बरेली।** कैंफर फैक्ट्री से काम करके घर लौट रहे साइकिल सवार युवक को अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सीबीगंज पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना सीबीगंज क्षेत्र के महेशपुरा निवासी 30 वर्षीय श्याम यादव पुत्र नन्हें यादव कैंफर फैक्ट्री में काम करता था। वह सोमवार को 10 बजे फैक्ट्री की छुट्टी होने के बाद साइकिल से घर जा रहा था। तभी अटरिया मजार के पास महेश रेनू अस्पताल के सामने रामपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एड़वोकेट शौकीन मलिक बने भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष

वेलकम इंडिया



**बागपत, विवेक जैन।** जनपद बागपत के खूबीपुर निवाड़ा गांव में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी एड़वोकेट शौकीन मलिक को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष वकील सैफी व राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डाक्टर शकील अहमद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में आये अतिथियों का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष वकील सैफी ने एड़वोकेट शौकीन मलिक को भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के बागपत जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति का पत्र सौंपा और कहा कि संगठन ने एड़वोकेट शौकीन मलिक के निस्वार्थ समाजसेवी कार्यो व किसान तथा श्रमिक वर्ग के हितों में किये जा रहे कार्यो को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।

राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डाक्टर शकील अहमद ने कहा कि एड़वोकेट शौकीन मलिक जिला बार एसोसिएशन बागपत के ज्वाइंट सेक्रेटरी रह चुके है।

उन्होंने अपने जीवन को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित किया है और समाज को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

इस अवसर पर नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, रालोद नेता अमित जैन, इस्लाम सैफी, इशाक, शेर मौहम्मद, कय्यूम, इरफान, शमशाद, उमरदीन, हाजी मेहरबान, इंतजार, हसरत प्रधान, नौशाद सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# मौत का समान बांट रहे दो मौत के सौदागर पुलिस ने किए गिरफ्तार, लाखों की स्मैक बरामद

वेलकम इंडिया



**कांधला।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान इस्लामपुर घसौली मार्ग स्थित रजवाहे की पटरी से दो मादक पदार्थ तस्करों को भारी मात्रा में स्मैक और चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। पुलिस कार्रवाई से मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

मंगलवार को सीओ कैराना श्याम सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि एसपी शामली राम सेवक गौतम के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह क्षेत्र के इस्लामपुर घसौली मार्ग स्थित रजवाहे की पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों युवकों को रोककर पूछताछ की तो दोनों युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने दोनों युवकों की तलाशी ली तो दोनों युवकों के कब्जे से 150 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस ने दोनों मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से पकड़ी गई बाइक को ट्रेस किया तो बाइक भी चोरी की निकली। पुलिस पूछताछ में दोनों मादक पदार्थ ने अपने नाम शाकिर पुत्र हनीफ निवासी नई बस्ती, मेहरबान पुत्र जीजा उर्फ अजीज नई बस्ती कांधला बताया है। पुलिस ने दोनों मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। सीओ कैराना श्याम सिंह ने बताया कि शाकिर के कब्जे से 70 ग्राम स्मैक और मेहरबान के कब्जे से 80 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पकड़े गए दोनों मादक पदार्थ तस्करों के कब्जे से एक चोरी की बाइक भी मिली है।

## बगैर हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल विक्रय करने वाले पेट्रोल पंपों के विरुद्ध की जाएगी कार्यवाही: जिला पूर्ति अधिकारी

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा सेल उत्तर प्रदेश एवं जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा के द्वारा दिए गए आदेश अनुपालन में जिला पूर्ति अधिकारी सीमा सिंह ने जनपद की जनता जनार्दन को अवगत कराया है कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु एवं घायलो की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। हाल ही में हुई राज्य सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार सड़क सुरक्षा को लेकर सुधार हेतु समस्त जिलों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना अनिवार्य है। उपरोक्त आदेशों के संबंध में जनपद में स्थित समस्त पेट्रोल पंप स्वामियों को पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो फ्यूल का स्लोगन एवं बैनर लगवाने तथा पेट्रोल लेने के लिए आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को नियमित रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जाए। बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल बिक्री करने वाले पंपों को लेकर क्या कहिन जिला पूर्ति अधिकारी सीमा सिंह बगैर हेलमेट दूपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल बिक्री करने वाले पंप स्वामियों के द्वारा आदेशों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# ऑपरेशन शिकंजा : पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र के 102 अपराधियों का उनके निवास स्थान पर जाकर सत्यापन किया

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद मे कुल 22 टीमे बनाई गई थी। रात्रि चोरी, लूट, नकबजनी, गौकशी की घटनाओं में पूर्व में संलिप्त-आदतन कुल 102 अपराधियों की उनके निवास स्थान पर जाकर सत्यापन करते हुये चेकिंग की गई है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में जनपद में कानून-शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के क्रम में ह्लऑपरेशन शिकंजाह्व अभियान चलाकर जनपद के चोरी, लूट, नकबजनी, गौकशी आदि आपराधिक घटनाओं में संलिप्त,आदतन अपराधियों की चैकिंग,निगरानी की जा रही है । जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारी,चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र के चोरी, लूट, गौकशी की घटनाओं में संलिप्त, आदतन अपराधियों को चैक कर आवश्यक हिदायत देते हुये विधिक कार्यवाही की जा रही है ।पुलिस द्वारा पूर्व में चोरी की घटनाओं में संलिप्त झ 49, लूट की घटनाओं में संलिप्त - 27, नकबजनी की घटनाओं में संलिप्त- 22, जबरन बसूली- 1, गौकशी की घटनाओं में संलिप्त- 3 अपराधियों के निवास स्थान पर जाकर चेकिंग कर उनकी दैनिक गतिविधियों पर नजर रखते हुये आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई । साथ ही चेकिंग के दौरान जनपद में ऐसे अपराधी जो अभी भी अपराध करने में सक्रिय हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी । चेकिंग के दौरान जो अपराधी अभी भी अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाये जाते है अथवा लगातार अपराध कर रहे हैं, पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।

## बहादुरगढ़ थाना प्रभारी ने अपनी पुलिस टीम के साथ मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी का प्रसाद किया वितरण



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना प्रभारी अरविंद चौधरी जहां क्षेत्र में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जाने जाते हैं। वही धार्मिक अनुष्ठानों में भी सहभागिता निभाने में अपनी पहचान बनाए हुए हैं ।आपको बता दें कि बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में अमन चैन भाईचारा शांति सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने के साथ अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों पर शिकंजा कसने को लेकर जाने जाने वाले थाना प्रभारी अरविंद चौधरी के द्वारा मकर संक्रांति लोहड़ी पर्व के अवसर पर अपनी पुलिस टीम के साथ लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व को धूमधाम से मनाते हुए खिचड़ी बनवाकर खिचड़ी का प्रसाद राहगीरों को वितरण कर धार्मिक अनुष्ठान में अपनी सहभागिता निभाते हुए धर्म लाभ उठाया।

## जान लेने पर उतारू हो रहे पतंग माफिया, लगातार बिक रहे चायनीज मांझे से हो रहीं घटनाएं

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश में लगातार चायनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं के बाद भी जनपद के प्रशासनिक अधिकारी गंभीर दिखाई नहीं पड़ रहे हैं ।लगातार चायनीज मांझे की चपेट में आकर लोग आकस्मिक काल के गाल में समाते जा रहे हैं लेकिन इसका असर किसी भी विभागीय अधिकारी को नहीं पड़ रहा है और लगातार पतंग बाजी हो रही है और ऐसे लोग जनता की जान के दुश्मन बने हुए हैं प्रदेश भर में पतंग उड़ाने के लिए प्रतिबंध लगाया जाना जनहित में आवश्यक होना चाहिए क्योंकि लगातार पतंग और उसके चायनीज मांझे से लोग आकस्मिक मौत के गाल में समा रहे हैं। जनपद शाहजहांपुर में हुई इतनी बड़ी घटना इसका उदाहरण है प्रशासन अभी कितने लोगों की मौत का जिम्मेदार बनेगा यह कोई बताने वाला नहीं है चायनीज मांझे की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है जिसके चलते लोग इसके शिकार होते जा रहे हैं और उनकी आकस्मिक मौत हो रही है जिसका खामियाजा परिवार के लोग भुगतने पर मजबूर हो रहे हैं प्रदेश भर में लगातार पतंग बाजी की घटनाएं हो रही हैं और चाइनीज मांझे पर बिक्री करने वाले लोग अभी भी सक्रिय हैं जबकि चाइनीज मांझा पूरी तरह से प्रतिबंधित बताया जा रहा है किंतु उत्तर प्रदेश में चाइनीज मांझे की बिक्री पर कोई रोक नहीं लग रही है और इसकी चपेट में आकर लोग अपनी जान गंवा रहे हैं आखिर पतंग बेचने वाले और चीनी मांझा बेचने वाले लोगों पर प्रशासन कठोर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है।

## भूदृष्टि फाउण्डेशन ने मकर संक्रान्ति पर्व पर किया खिचड़ी का वितरण



वेलकम इंडिया

**बागपत।** बड़ौत नगर में भूदृष्टि फाउण्डेशन द्वारा मकर संक्रान्ति का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर फाउण्ड़ेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कोताना रोड़ पर सीएचसी के सामने, काशीराम कॉलोनी व छपरौली रोड़ पर लोगों को खिचड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय जाट महासभा की प्रदेश महासचिव व मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंजू खोखर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भूदृष्टि फाउण्डेशन ने आने वाले अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। अंजू खोखर ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। भूदृष्टि फाउण्डेषन की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापिका कुसुम चौहान ने बताया कि हिन्दू धर्म में मकर संक्रांति बहुत महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन भगवान सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने से परमेश्वर की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# पत्रकारिता समाज का दर्पण: सैयद मजहरुल हुदा कासमी

वेलकम इंडिया




**कांधला।** शाह वली उल्लाह इस्लामिक एकेडमी मुजफ्फरनगर में आयोजित महत्वपूर्ण मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद मजहरुल हुदा कासमी ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है। जिससे समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। क्योंकि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से एक पत्रकार सरकार को जनता के मुद्दों से अवगत कराता है। यह एक तरफ सरकार और जनता के बीच एक सेतु का काम करता है।

शाह इस्लामिक एकेडमी के अध्यक्ष कारी खालिद कासमी ने कहा कि पत्रकार की कलम का इस्तेमाल देश और कौम की सेवा के लिए होना चाहिए। पत्रकार की खबर का एकमात्र उद्देश्य समाज की सेवा करना और भ्रष्ट लोगों को निर्भीक होकर बेनकाब करना होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज के दबे-कुचले वर्ग की दबी हुई आवाज को उठाना, उनकी समस्याओं को सामने लाना और उन्हें न्याय दिलाना पत्रकारिता का मूल कर्तव्य है। प्रसिद्ध कवि एवं तनवीर संपादक तनवीर गौहर ने कहा कि हमें अपने मूल कर्तव्यों से विमुख नहीं होना चाहिए, पत्रकार की सबसे बड़ी ताकत उसकी कलम होती है, किसी से डरने की जरूरत नहीं है। पत्रकार निर्भीक एवं निष्पक्ष होकर अपना पत्रकारिता कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम पत्रकारों के हक के लिए हमेशा लड़ेंगे और इन प्रताड़ित पत्रकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। महबूब आलम एडवोकेट ने कहा कि पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य जनता को विश्वसनीय और सच्ची जानकारी प्रदान करना है, ताकि व जागरूक नागरिक के रूप में सशक्त हो सकें। समारोह की शुरूआत हाफि ज दानिश की हम्द से हुई, जबकि निजामत कारी मुहम्मद खालिद कासमी ने की इसके संस्थापक शाह इस्लामीक अकादमी की ओर से उर्दू के एक दर्जन से अधिक पत्रकारों को बधाई दी और हिंदी मीडिया को पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पत्रकारिता पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वालों में इंडिया टीवी के योगेश भी शामिल थे।

## मकर संक्रांति पर्व पर ननुआ आश्रम पर भंडारे का आयोजन किया गया

**रामघाट(बुलंदशहर)** ननुआँ चपरासी समाधि स्थल रामघाट पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर सक्रांति के पावन पर्व पर ननुआँ की और से रामघाट के समस्त नारायण परिवारों को पांच किलो आटा, पांच किलो चावल एक किलो चीनी, एक किलो तेल, एक किलो दाल, बिस्कुट, और कंबल दान स्वरूप भेट किये गए, और ननुआँ महा भण्डारा दोपहर 12 बजे से रात्रि ननुआँ गुरुदेव की इच्छा तक चलता रहा। ननुआ धाम आश्रम के महंत राकेश शर्मा ने बताया कि ननुआँ की अपार कृपा हमेशा सभी भक्तों पर ऐसे ही बरसती रहे ।और सभी भक्तों को मकर संक्रांति के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं इस मौके पर महंत राकेश शर्मा ननुआ उप महंत मनजीत कौर आदि आश्रम के सेवादार उपस्थित रहे।

# हजरत अली की यौम ए पैदाइश पर निकाला जुलूस

वेलकम इंडिया



**झांसी।** मुस्लिम समुदाय द्वारा हजरत अली की यौम ए पैदाइश के मौके पर भव्य जुलूस और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हजारों लोग शामिल हुए और पूरे शहर में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया मंगलवार को हजरत अली की यौम ए पैदाइश (13 रजब) का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हजरत अली, जो पैगम्बर मोहम्मद साहब के दामाद और मुसलमानों के पहले इमाम माने जाते हैं, उनकी यौम ए पैदाइश (13 रजब) के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा एक भव्य जुलूस निकाला गया । यह जुलूस झांसी के प्रमुख स्थान से होकर गुजरा जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए है ।

जुलूस में मौला अली की शान में कसीदे पढ़े जुलूस की शुरूआत कुरैश नगर से हुई, जहां से इसे बाबुल इल्म फाउंडेशन कमेटी के सदस्यों द्वारा मदीना मस्जिद कुरैश नगर तक ले जाया गया। इस जुलूस में हजारों लोग शामिल थे, जुलूस में हम सब का मौला अली अली, के नारे लगा रहे थे।

जुलूस कुरैश नगर स्थित कच्ची कुइयां मार्ग से होते हुए मदीना मस्जिद तक ले जाया गया । इस दौरान मुख्य अतिथि मुख्य डॉक्टर बाबू लाल तिवारी शिक्षक विधायक, सैयद शहंशाह अली, अमित, विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार आजाद मंडल प्रभारी आजाद समाज पार्टी / एडवोकेट याकूब अहमद मंसूरी, सैयद सादिक अली, पार्टी झांसी, हाजी चौधरी नफीस व्यापार मंडल अध्यक्ष, हाजी सकील अहमद पहलवान, नूरा कुरैशी, राशिद खान जिलाध्यक्ष सर्व समाज फाऊंडेशन इंडिया, राशिद बरकाती प्रदेश महासचिव सूफी खानकाह एसोसिएशन, कल्लू मछली वाले, सफीक मिस्त्री, हैदर डेंटर, ताजुद्दीन बरकाती, सद्दाम बरकाती, असलम बरकाती मुंशी जी, आमिर रजा, राजा बरकाती, अहमद रजा साबरी हाश्मती आदि लोग मौजूद रहे।

# झाँसी रेलवे स्टेशन पर कुम्भ जाने वाले यात्रियों में मची भगदड़, टला हादसा

वेलकम इंडिया



**झांसी।** दिनांक 13/01/2025 को समय करीब 20:15 बजे रेलवे स्टेशन झांसी के प्लेटफार्म नं0-01 से महाकुभ मेला स्पेशल रिंग ट्रेन नं०-01804 प्लेटफार्म नं0 06 पर लगने के लिये रवाना हुयी थी उक्त ट्रेन धीमी गति में प्लेटफार्म नं0-08 के सामने मैन लाइन से गुजर रही थी तभी प्लेटफार्म नं0-06/08 पर मौजूद यात्री गलतफहमी में कि ट्रेन प्रयागराज जा रही है और सीट पाने की आतुरता के कारण चढ़ने की जल्दबाजी करने लगे,जिनको काफी समझाया व रोका गया लेकिन फिर भी कुछ यात्री ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगे तो मौजूद डियूटी पर लगे पुलिस बल द्वारा ट्रेन के ड्राइवर से अनुरोध कर ट्रेन को रुकवा दिया गया था उसी समय 01 यात्री भीड व जल्दबाजी के कारण गिर गया था जिसको सकुशल उठाया गया जो घायल नहीं हुआ था ट्रेन नियमानुसार प्लेटफार्म नं0-06 पर पहुँच कर खड़ी हुई । प्लेटफार्म पर मौजूद सभी यात्रियों को सकुशल ट्रेन में बैठा दिया गया उक्त प्रकरण के दौरान किसी भी यात्री के साथ कोई अप्रिय घटना नही हुई और ना ही कोई यात्री घायल हुआ। ट्रेन को प्लेटफार्म नं0-06 से सकुशल महाकुंभ मेला प्रयागराज के लिये रवाना कराया गया।

आज गूगल मीट को माध्यम से सभी थाना प्रभारी /चौकी प्रभारी तथा वाहर से आये हुये डियूटी के लिये सभी पुलिस बल को मेला की सुरक्षा के दृष्टिगत ब्रीफ किया गया तथा यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि रेलवे प्रशासन /आरपीएफ से समन्वय स्थापित कर यात्रियों की सुरक्षा/सुविधा सुनिश्चित करें

# समाज सेवा के क्षेत्र में फिनिक्स क्लब की अहम भूमिका : सुभाष सुधा

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** कुरूक्षेत्र की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था फिनिक्स क्लब की नई टीम 2025 का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में पूर्व मंत्री एवं थानेसर से 2 बार विधायक रह चुके सुभाष सुधा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डिवाइन ग्रुप के चेयरमैन हरीश लूथरा शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, गायत्री मंत्र और फिनिक्स एंथम के साथ हुई।

कार्यक्रम के सभापति पूर्व प्रधान अश्वनी अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात

पूर्व प्रधान धीरज गुलाटी ने जहां नवनियुक्त प्रधान डॉ. राजेश वधवा को कॉलर एक्सचेंज कर प्रधान पद की शपथ दिलवाई। इसके पश्चात नवनियुक्त प्रधान डॉ. राजेश वधवा ने अपनी टीम 2025 में नवनियुक्त सचिव अंशुल जसूजा, कोषाध्यक्ष मनोज परुथी, महिला विंग विनिक्स की प्रधान सोनिका वधवा, सचिव आशी जसूजा, कोषाध्यक्ष मानसी परुथी, जूनियर विंग टिनिक्स के प्रधान मयंक कक्कड़ को पद की शपथ दिलवाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं थानेसर से 2 बार विधायक रह चुके सुभाष सुधा ने कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में सामाजिक संस्था फिनिक्स क्लब की अहम भूमिका है। फिनिक्स क्लब हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहता है। यही वजह है कि समाजसेवा के क्षेत्र में इतने कम समय में फिनिक्स क्लब ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

आज फिनिक्स क्लब के नाम पर धर्मनगरी में नेकी की दीवार, फिनिक्स चौक, फिनिक्स रोड, फिनिक्स पिल्लर स्थापित है। फिनिक्स क्लब द्वारा एक नही बल्कि अनेक सेवा प्रकल्प चलाये जा रहे हैं। जिला प्रशासन और समाज को जब भी किसी सहयोग की जरूरत होती है तो फिनिक्स क्लब सेवा के लिए हमेशा सबसे अगली पंक्ति में खड़ा मिलता है और जरूरत पड़ते ही उस काम को पूरा कर देता है। वह रेलवे रोड स्थित होटल पर्ल मार्क में फिनिक्स क्लब की नई टीम 2025 के शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम नई सोच, नई उमंग में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने नवनियुक्त प्रधान डॉ. राजेश वधवा को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज सेवा कार्यों को गति देने के लिए इस क्लब का गठन 8 साल पहले किया गया था। इतने कम समय में ही क्लब ने जिला ही नहीं प्रदेश भर में सेवा के नए आयाम स्थापित कर अपनी एक अलग पहचान बना ली है। उन्हें फिनिक्स क्लब को समाजसेवा में हर कार्य में सरकार की ओर से हर संभव सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

## प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा का आज सभी ब्लाकों में मनाया जायेगा अवतरण दिवस



**सिद्धार्थनगर।** प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा का अवतरण दिवस दिनांक 15/01/2025 को सभी ब्लाकों में मनाया जायेगा। जनपद सिद्धार्थनगर के सभी विकास खण्डों में लोकप्रिय प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा का 43वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

वहीं पवन मिश्रा अपने क्षेत्र में कम आयु से ही अच्छे कार्मों से प्रसिद्ध होने लगे थे। अपने क्षेत्र में लोगों ने परोपकारिता व सत्कर्मों से उनका नाम लेने लगे थे। उक्त आशय की जानकारी विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम ने दी है।

# एसएसबी ने साइबर सुरक्षा एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किया जागरूक

वेलकम इण्डिया



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा सामजिक चेतना अभियान के तहत साइबर सुरक्षा तथा नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। गुरुवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी धनौरा द्वारा सामाजिक चेतना अभियान के तहत के तहत वाइब्रेंट गाँव धनौरा मुस्तकम के प्राथमिक विद्यालय धनौरा मुस्तकम के प्रांगण में साइबर सुरक्षा तथा नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया क इस अभियान के अंतर्गत बताया गया कि आज के समय में साइबर सुरक्षा हमारी जानकारी और व्यक्तिगत गोपनीयता सुरक्षित रखने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता बन गयी है। सभी के साथ आये दिन ऑनलाइन धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग, भड़काने वाले कमेंट्स, हैकिंग, साइबर अरेस्ट आदि घटनाएँ बहुत ही आम बात हो गई हैं। जिससे बचने के लिए हमें साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रह कर कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को बैंक या अन्य किसी भी पासवर्ड को साझा नही करना चाहिए।

अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, मैसेज और लिंक को क्लिक नही करके उसे नजरंदाज कर देना चाहिए एवं नशे के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण अपनी जान गवां रहे है क युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही क इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे क इस जागरूकता अभियान के दौरान 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी धनौरा से निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा व अन्य कार्मिको के साथ -साथ वाइब्रेंट गाँव धनौरा मुस्त्कम से श्रीमती मीरा देवी, ए. एन. एम., आशा, स्थानीय ग्रामीण और बच्चे उपस्थित रहे।

## सौगात

# विधायक विनय वर्मा ने नये बसों को दिखाई हरी झण्डी

वेलकम इण्डिया



**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** विधानसभा सदस्य अपना दल (एस) शोहरतगढ़.विनय वर्मा ने विधानसभा शोहरतगढ़ वासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं एवं गोरखपुर व प्रयागराज के लिए नई बसों की सौगात दीं। सर्वप्रथम मंगलवार को मकर संक्रांति के दिन विधायक विनय वर्मा ने बढ़नी रेलवे माल गोदाम से नये बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। तत्पश्चात नगरपंचायत बढ़नी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सभी साथियों के साथ सहभोज कार्यक्रम मे (खिचड़ी) भी खायीं। उन्होंने प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर कहा कि वो अकल्पनीय है। कल डेढ़ करोड़ लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है। तीन बजे से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आस्था की डुबकी संगम में लगा रहे हैं। विधायक ने मकर संक्रांति पर्व पर कहा कि पर्व और त्योहार सामाजिक और राष्ट्रीय एकता का सन्देश देता है। उन्होंने ने कहा आज मकर संक्रांति का पावन पर्व है। इस अवसर पर मैं विधानसभा वासियों संतों, आम जनों को हार्दिक बधाई देता हूं। मकर संक्रांति भारत की पावन परम्परा का ऐसा पर्व है, जो सूर्य देवता को अर्पण का पर्व है। पूरी श्रद्धा के साथ लोग इस आयोजन के साथ जुड़ते हैं। उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम में लोग इस पर्व को मनाते हैं। सनातन धर्म के लोगों को एक सूत्र में जोड़ने के लिए संतों ने इस परम्परा से जोड़ा। पूर्व में बिहू, पंजाब में लोहिड़ी, बंगाल-महाराष्ट्र में तिलुआ संक्रांति और उत्तर भारत मे खिचड़ी संक्रांति के रूप में मनाते हैं। इस दौरान

गोकुल गोयल, संजय मित्तल, विजय पाण्डेय, राजकुमार अग्रहरी, संजय जायसवाल, रमेश मौर्य, सन्तराम अग्रहरि, सिद्धार्थ पाठक, त्रियुगी अग्रहरी, रामदास मौर्य, विजय पाण्डेय, विवेक कुमार, दुर्गेश कमलापुरी, प्रदीप कमलापुरी व क्षेत्रीय जनता मौजूद रहें।

## नींद की झपकी आने से मौत के आगोश में समा गईं दो जिंदगी

**बरेली।** थाना हाफिजगंज क्षेत्र में मंगलवार तड़के सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में हल्द्वानी से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई, जिससे भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई और परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ये हादसा कार चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुआ था। ये हादसा हाफिजगंज के सेंथल रोड पर कर्बला के निकट तड़के करीब चार बजे हुआ। इस हादसे में जान गंवाने वालों में भंडसर गांव निवासी 30 वर्षीय मुन्ने और उनकी बहन 40 वर्षीय मुस्कीन शामिल हैं। घायलों में चालक युनुस, मुन्ने के भाई मेहंदी हसन, बन्ने बख्श और उनकी पत्नी सीमा शामिल हैं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# अन्ना आंदोलन के समय में अरविंद केजरीवाल के पुराने साथी डॉक्टर मुनीश कुमार रायजादा ने कहा आप पार्टी सबसे भ्रष्ट पार्टी है

वेलकम इण्डिया



**नई दिल्ली।** मंगलवार को डॉ मुनीश कुमार रायजादा ने पत्रकारों से बातचीत कहा आप पार्टी सबसे भ्रष्ट पार्टी है। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ अन्ना हजारे आंदोलन का हिस्सा रहे भारतीय लिबरल पार्टी (बीएलपी) के अध्यक्ष डॉ. मुनीश कुमार रायजादा अब आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में उनके खिलाफ मैदान में हैं।

अमेरिका में बाल रोग विशेषज्ञ रहे डॉ. रायजादा नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं, जो इस चुनाव में सबसे चर्चित सीट है. उनका मुकाबला केजरीवाल, बीजेपी के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस के संदीप दीक्षित जैसे उम्मीदवारों से है. डॉ. रायजादा ने पत्रकारों से बातचीत कहा।

डॉ. रायजादा ने बताया कि वे 14 साल पहले भारत आए थे, जब अन्ना हजारे का आंदोलन अपने चरम पर था। उन्होंने कहा, ‟हमें लगा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जन लोकपाल विधेयक की जरूरत है। मैं आंदोलन में शामिल हुआ और बाद में आम आदमी पार्टी का सदस्य बन गया। लेकिन जब वे (अरविंद केजरीवाल) अपने सिद्धांतों से भटकने लगे, तो हमने उनका विरोध करना शुरू कर दिया। फिर हम अन्ना हजारे जी से मिले और उन्हें बताया कि आप उन मूल सिद्धांतों से भटक रही है, जिनके आधार पर इसका गठन हुआ था। इसके बाद हमने चंदा बंद सत्याग्रह शुरू किया। 2019 में मैंने 'ट्रांसपेरेंसी' नाम से एक वेब सीरीज बनाई, जिसमें आम आदमी पार्टी और अन्ना आंदोलन की अनकही कहानियां बताई गईं।‟ डॉ. रायजादा ने कहा कि उन्होंने हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और इस बार भी यह उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने कहा, ‟मेरा मानना है कि भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, लेकिन सभी पार्टियां इसे नजरअंदाज कर रही हैं। हम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे इंडियन लिबरल पार्टी के सदस्य बनें और हमारे चुनाव चिन्ह डस्टबिन पर बटन दबाकर अपना वोट दें।‟ भारतीय लिबरल पार्टी सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है, अपनी पहली लिस्ट जारी कर चुके है जिसमें 8 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतार चुके है।

## गन्ना भुगतान भ्रष्टाचार एवं किसानों के अन्य गंभीर समस्याओं को लेकर तहसील गढ़मुक्तेश्वर में धरने का चौथा दिन



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष जीते चौहान मंडल प्रवक्ता दिनेश त्यागी पहचान प्रधान सुनील बढ़ाना अनुज यादव मयंक चौहान मुकर्रम भाई इंसाफ अली नरेश ठेकेदार सेवाराम नवल खा अनुज बाबूजी लाल शर्मा गजेंद्र त्यागी बॉबी त्यागी ताज मोहम्मद नेताजी नौशाद कुमारपाल गुर्जर शोभाराम आर्य और बताओ कालू त्यागी खालसा जी विकल नगर जितेंद्र त्यागी आदि सैकड़ो से अधिक संख्या में किसान एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने धोखाधड़ी टप्पेबाजी कर आभूषणों की ठगी करने वाले दो शातिर ठगों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह- के दिशा निर्देश पर हापुड़ पुलिस के द्वारा अपराधिक घटनाओं में वांछित एवं संदिग्ध लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे। सघन चेकिंग अभियान के दौरान हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह के द्वारा मुखबिर की सूचना पर अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए दो शातिर किस्म के धोखाधड़ी टप्पे बाजी कर सीधे-साधे भोले भाले लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के हिमांशु पुत्र सुनील सूरजपुत्र पूरन सिंह निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 6500 की नगदी एवं पीली धातु के आभूषण जिसमें तीन जोड़ी कुंडल दो जोड़ी इयररिंग एक गले का लॉकेट बरामद किया है। वही इस मामले को लेकर सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों युवक किस्म के ठग है। जिन्होंने सीधे-साधे भोले भाले लोगों को अपनी लच्छेदार बातों में उलझा कर उनसे रुपए एवं कीमती.आभूषणों की ठगी करना स्वीकार किया। जिनके विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# सीएचसी अधीक्षक ने क्षय रोगियों को वितरित किया पोषण पोटली

वेलकम इण्डिया



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा में मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर अधीक्षक डॉ संदीप द्विवेदी ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित किया।

इस मौके पर अधीक्षक डॉ संदीप द्विवेदी ने क्षयरोगियों का नियमित इलाज करने के साथ टीबी मुक्त अभियान में समाजसेवियों से हिस्सेदारी की अपील किया। इस दौरान अधीक्षक ने कहा कि टीबी मुक्त अभियान के तहत मरीज चिह्नित किए जा रहे हैं। टीबी पीड़ित मरीजों के लिए एक-एक निक्षय मित्र बनाया जा रहा है। जो मरीजों को नियमित दवा का सेवन कराने के साथ हर माह एक पोषण पोटली उपलब्ध कराएंगे ताकि देश को टीबी मुक्त घोषित किया जा सके। जिससे प्रधानमंत्री जी का टीबी मुक्त भारत का सपना साकार हो सके। इसके लिए समाज सेवियों को भी आगे आकर क्षयरोग से पीड़ित मरीजों को गोद लेकर अभियान में हिस्सेदारी निभाने की जरूरत है। यह कदम मरीजों की सेहत में सुधार लाने और उनकी रिकवरी प्रक्रिया को तेज करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस मौके पर डॉ शमीम खान, डॉ वी.के. सिंह, डॉ संतोष राय तथा सुरेश मिश्र आदि सीएचसी स्टाफ मौजूद रहे।

# संस्कृति के संवाहक होते है मेलेः डीएम

वेलकम इंडिय



**कपकोट।** कपकोट में आयोजित होने वाला उत्तरायणी मेला धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। भराड़ी व कपकोट के केदारेश्वर मैदान में आयोजित ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने दीप प्रज्वलन एवं रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसपी चंद्रशेखर आर घोड़के भी उपस्थित रहे। भराड़ी कपकोट में आयोजित उत्तरायणी मेले में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने पारम्परिक परिधानों में सांस्कृतिक झांकी निकाली। सांस्कृतिक झांकी केदारेश्वर मैदान से शुरू हुई और रामलीला मंच भराड़ी में सम्पन्न हुई। झांकी में पहले से तीसरे स्थान पर आने वाले विद्यालयों के बच्चों को जिलाधिकारी ने पुरस्कृत किया। कपकोट में ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले के उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी ने मेलार्थियों को सम्बोधित करते हुए उत्तरायणी मेले की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उत्तरायणी मेले के ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व बताते हुए कहा कि मेले हमारे समाज में काफी महत्व रखते है। मेलों से सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक महत्व भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति के संवाहक होते है। इससे जहां व्यापार को बढ़ावा मिलता है। वहीं आपसी मेलजोल की भावनाएं बढ़ती हैं व संस्कृति का प्रचार प्रसार होता है। उन्होंने कहा कि मेलों से ही नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि दानपुर क्षेत्र की पुरातन सँस्कृति रीतिरिवाज, स्थानीय सँस्कृति को पुनर्जीवित करने, आपसी मेलजोल की भावना को बढ़ाने, तथा मेले के माध्यम से स्थानीय मेले को देश विदेश तक पँहुचाने में मेलों का प्रमुख योगदान होता है। डीएम ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों के साथ ही बाहर से भी कलाकारों को आमंत्रित किया गया है जो कि यहां पर मेलार्थियों का मनोरंजन करेंगे साथ ही अपनी संस्कृति से रूबरू कराएंगे। विशिष्ट अतिथि एसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने उत्तरायणी मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में ऐतिहासिक, पौराणिक, उत्तरायणी मेला महत्वपूर्ण मेला है। सुरक्षा के दृष्टिगत से पुलिस ने मेले में पुख्ता व्यवस्था की है। ईओ नगर पंचायत गीता आर्या ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मेले की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। मंच संचालन रामचंद्र जोशी व सुरेश सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर मेलाधिकारी/एसडीएम अनुराग आर्या, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, एसओ दिनेश पंत, खण्ड शिक्षा अधिकारी चक्षुपति अवस्थी, गिरीश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेमिका ने प्रेमी की भतीजी को जहर देकर मारा दूसरी भतीजी को भी दी मारने की धमकी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** रामनगर में प्रेमी की नाराजगी का बदला लेने के लिए प्रेमिका ने उसकी सात साल की भतीजी को जहर दे दिया। जिससे बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने लोकलाज में कार्रवाई न करने का फैसला लिया। इसके बावजूद युवती के घरवाले हमलावर हो गए, और युवती ने दूसरी बच्ची को भी जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद आंवला थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने युवती को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार आंवला के रामनगर निवासी रामलखन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनकी सात साल की बेटी नैना रविवार शाम गली में खेल रही थी। तभी मोहल्ले की युवती लाड़ो उसे चीज दिलाने के बहाने से ले गई और कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया। बच्ची की मां ने उसे ऐसा करके भागते हुए देख लिया। पूछने पर बेटी ने बताया कि युवती ने उसे मीठी चीज के साथ कुछ खिलाया है, जो कड़वा लग रहा है। कुछ देर बाद बेटी की हालत खराब होने लगी। वह उसे लेकर आंवला के निजी अस्पताल पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची के पिता ने बताया है कि बात बढ़ाने के बजाय उन्होंने खामोश रहना बेहतर समझा। वह सोमवार दोपहर बच्ची का शव दफनाने रामगंगा जा रहे थे। तभी आरोपी युवती और उसके घरवाले वहां आ गए। वह धमकाने लगे कि अभी एक बेटी की मौत हुई है, दूसरी बेटी की मौत के लिए भी तैयार रहना। तब वह लोग शव लेकर आंवला थाने पहुंचे। तब पुलिस ने बच्ची का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर युवती व उसके माता-पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईजीआरएस से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में जन समस्याओं से सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री पोर्टल तथा तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई।



बैठक में नगर निगम के कर निर्धारण अधिकारी श्री चंद्र पाल द्वारा उनसे सम्बन्धित जन शिकायतों के निस्तारण पर 02 शिकायतकताओं द्वारा असंतुष्ट फीडबैक दिये जाने के सम्बन्ध में तथा शिकायत के सम्बन्ध में भी अनभिज्ञता व्यक्त की गई, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नगर आयुक्त महोदय को सूचित करते हुए सम्बन्धित का स्पष्टीकरण मांगे जाने हेतु पत्राचार किये जाने के निर्देश दिए गये। उक्त के अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशासी अभियंता सिंचाई तथा प्रधानाचार्य आईटीआई के बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरण पर रोक लगाये जाने के निर्देश दिए गये। साथ ही साथ हेल्पलाइन पर प्राप्त 06 जन शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर 06 शिकायतकताओं द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए कोई कार्यवाही न किये जाने सम्बन्धी फीडबैक दिया गया, जिस पर कार्यों में शिथिलता बरतने के कारण तहसीलदार फतेहाबाद का भी अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरण पर रोक लगाये जाने के निर्देश दिए गये।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आनलाइन शिकायतों के निस्तारण गुणवत्तापूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गये कि सभी अधिकारी अपने विभाग से सम्बन्धित आनलाइन शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्दर किया जाए और यदि किसी विभाग के अधिकारी द्वारा अपने व अपने अधीनस्थों से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अन्दर नहीं किया जाता है तो उस जनपद स्तरीय अधिकारी की विभागीय जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए उनके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी एवं ऐसे अधिकारियों के उच्चाधिकारियों को भी कार्यों में शिथिलता बरतने के सम्बन्ध में पत्राचार कर अवगत कराया जायेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी जनपद स्तरीय अधिकारी प्रातः से अपने कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि वर्तमान माह में कोई भी प्रकरण डिफाल्ट श्रेणी में न आये तथा अपलोड की गई आख्या चाहे वह स्वयं की हो या अधीनस्थ की हो का अवलोकन अवश्य करें तथा संतुष्ट होने की स्थिति में ही अग्रसारित की जाये।

# रात के अंधेरे में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच शातिरों को दबोचा



वेलकम इंडिया

**आगरा।** पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है, जब थाना डौकी क्षेत्र में तीन महीने पहले हुई चोरी की वारदात को सुलझा लिया। पुलिस कमिश्नरी पूर्वी जोन और सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जो एक कारपेट फैक्ट्री से चोरी की घटना को अंजाम दे चुके थे। इन चोरों के कब्जे से चोरी की मोटर, टेंपो और तांबे का कई किलो तार बरामद किया गया है, जिससे पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गिरफ्तार किए गए चोरों का आपराधिक इतिहास है और इनकी गिरफ्तारी से पुलिस को इस गिरोह के बारे में अहम जानकारी मिली है। पुलिस ने बताया कि यह चोरी की वारदात तीन महीने पहले एक कारपेट फैक्ट्री में हुई थी, और इस मामले को लेकर पुलिस सक्रिय रूप से जांच कर रही थी। इस सफलता का खुलासा प्रशिक्षु कढर और अउढ फतेहाबाद ने किया। एसीपी अमरदीप के अनुसार, तीन माह पहले फैक्ट्री में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसके बाद पुलिस टीम और सर्विलांस ने मामले की जांच में कड़ी मेहनत की। आज इस गिरोह के पांच शातिर सदस्य गिरफ्तार किए गए, जिनसे घटना में प्रयुक्त लोडर और 10 किलो तांबा बरामद हुआ। पुलिस ने इन चोरों से पूछताछ जारी रखी है, ताकि और खुलासे हो सकें।

# काले कौवा काले घुघुती मावा खाले के साथ बच्चों ने बुलाए कौवे

वेलकम इंडिया

बागेश्वर, सूर्य के धनु राशि से निकलकर मकर में प्रवेश करने के पर्व मकर संक्रांति को कुमाऊं में घुघुतिया त्यार नाम से जाना जाता है। बागेश्वर में मकर संक्रांति पर पवित्र सरयू नदी में स्नान करने के साथ दान व माघी खिचड़ी का विशेष महत्व है। देवभूमि उत्तराखंड में कुमाऊं में गुड़ के मीठे पानी में से गूंथे आटे से विशेष घुघुती पकवान बनाने का चलन है। जिसमे घुघुती के साथ डमरू और मीठे पकवान बनाए जाते हैं। बागेश्वर में घुघुती पर्व को अलग अलग दिन में सरयू नदी वार-पार मनाया जाता है। सरयू नदी के पार (पिथौरागढ़ व बागेश्वर निवासी) वाले मासांत को यह पर्व मनाते हैं। जबकि सरयू वार के बागेश्वर और अल्मोड़ा जिले में मकर संक्रांति के दिन मनाया जाता है। गांवों में पहले गुड़ चीनी का बख्खर बनाकर उसे आटा गूंदकर सौप और अन्य सामग्री मिलाकर घुघुते तैयार किए जाते हैं। घुघुतिया के दूसरे दिन बच्चे काले कौआ, घुघुती माला खाले की आवाज लगाकर कौए को बुलाते हैं। जिसको लेकर छोटे छोटे बच्चों में काफी उत्साह रहता है। लोग अपने बच्चों के गले में घुघुती माला पहनाकर उनकी खुशहाली की कामना करते हैं।



# पकडाए भैस चोर को सग्रामगढ पुलिस पकड कर छोडा तो बाघराय पुलिस ने शान्ति व्यवस्था का किया चालान

वेलकम इंडिया

**प्रतापगढ़।** जनपद की पुलिसिग को बेहतर बनाने और जिले को अपराधशून्य करने के तेजतर्रार पुलिस कप्तान डा अनिल कुमार के प्रयासो को उनके मातहत ही पलीता लगा रहे है। इसकी बानगी है कि दो भैसो चोरी की शिकायत पर पीडित के प्रयास से चोर का पता लगने पर सग्रामगढ थाने की पुलिस ने जाकर एक भैस बरामद कर पीड़ित को सौप दी तो वही दूसरी की बरामदगी के लिए आरोपी को पकड थाने लायी लेकिन कुछ देर बाद उसे छोड दिया तो दूसरे बाघराय थाने की पुलिस ने पीड़ित की सूचना पर आरोपी को फिर से पकडा लेकिन उसको चोरी के मुकदमे मे पाबन्द करने के बजाय 151 मे चालान कर दिया। विस्तृत सूचना अनुसार बाघराय थाना अन्तर्गत गाव सर ई नाहर के दो सगे भाइयों सन्तोष सरोज और मुन्ना सरोज की एक एक भैस 27 दिसम्बर की रात चोरी हो गयी थी। जिसकी सूचना पीड़ितो ने 112 मे देने के बाद अपने स्तर से भैस की खोज शुरू की तो चोरी गयी दो भैसो मे से एक सग्रामगढ थाने के ग्राम रोकैया महुआपुर निवासी हरिश्चंद्र धुरिया के दरवाजे पर बधी मिली। सूचना पर स्थानीय थाना सग्रामगढ की पुलिस पहुची और पीडित सन्तोष सरोज को बरामद भैस हवाले करते हुए हरिश्चंद्र धुरिया को थाने लेकर चली गयी। पीड़ित सन्तोष सरोज ने बताया कि आरोपी ने मेरे सामने पुलिस को बताया कि दूसरी भैस मेरे यहा से तीस दिसम्वर को हासिम गाव रसूलपुर थाना सलबन जिला रायबरेली लेकर गया है जो चोरी मे हमारे साथ था। इसजे बाद भी न जाने कैसे सग्रामगढ पुलिस ने आरोपी हरिश्चंद्र को कैसे छोड दिया।

# सड़क सुरक्षा एवं यातायात के प्रति जागरूक किया




वेलकम इंडिया

**चांदपुर।** लोकप्रिय इण्टर कॉलेज केलनपुर के द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात के प्रति जागरूकता का प्राथमिक विद्यालय केलनपुर चाँदपुर के परिसर में चल रहे शिविर का छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की शपत दिलाते एवं यातायात के प्रति जागरुक करते गुड सेमीरिटन उत्तर प्रदेश सरकार व समाजसेवी शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह व प्रधानाचार्य हरवीर सिंह ब प्रशांत तोमर डॉ ललित कुमार ने बताया कि दो पहिया वाहनों पर दो सवारी से ज्यादा ना बैठाए व हेलमेट लगाकर चले व चार पहिया बाहनों पर सीट बेल्ट लगाकर चले शराब पीकर बाहन न चलाएं 40 और 50 की स्पीड से वाहन चलाएं बड़े शहरों में हरी लाल बत्ती का ध्यान रखें उन्होंने कहा कि बिजनौर के अंदर रोज एक्सीडेंटो से न जाने कितने घर उजड़ रहे हैं और जान माल की हानि हो रही है यातायात के नियमों का पालन करें व अपने-अपने परिवार को सुरक्षित रखें इसके बाद यातायात नियमों की रैली को निकालते छात्र छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रैली का सुभारम्भ करते है।

# एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वारा एसजीयू ओलिंपियाड का आयोजन

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एस.डी.जी.आई. ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वारा कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए एसजीयू ओलिंपियाड 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के सभी सीबीएसई, सीआईएससीई, माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 12वीं में अध्यनरत सभी छात्र/छात्राएं कॉलेज की साइट पर जा कर निशुल्क पंजीकरण कर प्रतिभाग कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के विषयों गणित/ भौतिक विज्ञान/ रसायन विज्ञान/जीव विज्ञान/कॉमर्स / कला तथा सामान्य विज्ञान से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। एसजीयू ओलिंपियाड 2025 का आयोजन दो चरणों में प्रस्तावित है, प्रथम चरण दिनांक 19 जनवरी 2025 को ऑनलाइन माध्यम से और द्वितीय चरण 6 अप्रैल को आफलाईन माध्यम से होना प्रस्तावित है।

# मंडल अध्यक्ष का हुआ स्वागत, दी गई बधाई



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे को मंगलवार मानेश्वर महादेव मंदिर पर सभी ग्रामवासियों द्वारा अंगवस्त्र देकर खिचड़ी एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत करते हुए बधाई दिया गया। वही मंडल अध्यक्ष का स्वागत मानापुर छतेरी गांव के भूत पूर्व बूथ अध्यक्ष सुरेश तिवारी, संदीप तिवारी द्वारा भी मिठाई खिलाकर एवं माल्यार्पण कर के किया गया। इस दौरान भूत पूर्व बूथ अध्यक्ष सुरेश तिवारी, संदीप तिवारी, राम तिवारी, अनूज तिवारी दीपक सिंह प्रमोद गौंड ओदु दादा, पवन तिवारी, मन्नू, गोलू समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# राजा भैया के बेती महल मे समरसता भोज मे जुटी भारी भीड



वेलकम इंडिया

मकर संक्रांति पर जनसत्तादल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की अगुवाई में मंगलवार को समरसता भोज का आयोजन हुआ। समरसता भोज में कुंडा, कालाकांकर, बिहार, बाबागंज के साथ ही दूसरेजनपदों के भी पार्टी कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधियों समेत आसपास के लोगों ने सहभागिता की।

इस मौके पर बाबागंज विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष पति कुलदीप पटेल, राष्ट्रीय महासचिव डॉ.केएन ओझा, डेरवा नगर पंचायत के चेयरमैन कुंवर बहादुर पटेल, कुंडा चेयरमैन प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी, राजा भैया प्रतिनिधि हरीओम शंकर श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, राम यश सरोज, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह, अनुभव यादव, सुमित मिश्रा, हीरागंज व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, विजय पांडेय, राजेश त्रिपाठी सोनी, विनीत पांडेय, सूरज मिश्र आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया : डॉ अशोक शर्मा



वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने छात्रों से स्वामी विवेकानंद के द्वारा दिखाएं गए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र की रीढ होते हैं बिना युवाओं के कोई भी राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता। युवा विवेकानंद जी के चरित्र से सीख लेकर अपना करियर बनाएं। कालेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने कहा कि युवा महापुरुषों के चरित्र से सींख लें। युवाओं का शुद्ध आचरण ही युवाओं को उन्नति के मार्ग की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि युवा भारतीय साहित्य और दर्शन का पर्याप्त मात्रा में अध्ययन करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दलीप कुमार ने स्वयंसेवियों से समाज सेवा के कार्यों में अधिक से अधिक रुचि लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज सेवा से ही व्यक्तित्व निर्माण संभव है। इस मौके पर चीफ प्राक्टर आर पी सिंह, एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवाली राजपूत, पिंकी यादव, रुकमणी, नीशु देवल, छाया, प्रदीप कुमार, ओपी त्यागी, राकेश कुमार, डॉ वरुण कुमार, सचिन कुमार, राजेंद्र सिंह, सुषैन बाबू शर्मा, शनि चौहान, रुचि, ललित शर्मा, गौरव आदि उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति पर फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर की ओर से बांटी खिचड़ी और कबंल

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** शहर के फेमस फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर की ओर से मकर संक्रांति के पावन अवसर पर खिचड़ी वितरण और कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम शहर के बागला मार्ग स्थित गोपेश्वर महादेव मंदिर पर किया गया। जिसमें सेंटर के डायरेक्टर डॉ विकास कुमार शर्मा ने श्रद्धालु रुप में सेवा एवं दान पुण्य कर धर्म लाभ कमाया। मंगलवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर फोकस अल्ट्रासाउंड सेंटर की ओर से सेवा भाव से जनमानस को खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारी तादात में पहुंचे श्रद्धालुओं ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। और गरीब जरूरत मंदो को कंबल वितरण किये गए। डायरेक्टर विकास कुमार शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व हमें नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर हम अपने पूर्वजों को याद करते हैं और उनके आशीर्वाद की कामना करते हैं। हम अपने समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लेते हैं। इस मौके पर सुमित शर्मा, डॉ ललित कुमार शर्मा, जीतू तिवारी, बंसी पंडित, सोनू शर्मा, अमित चौधरी, चेतन सहित अन्य लोगों मौजूद थे।

# आरकेजीआईटी में क्वांटम मशीन लर्निंग पर संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड़ स्थित राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग ने 6 से 11 जनवरी तक क्वांटम मशीन लर्निंग पर एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित अटल ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का सफलतापूर्वक समापन किया। वेबेक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित एक सप्ताह के कार्यक्रम में देश भर के 160 अकादमिक पेशेवरों, शोधकताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। एफडीपी में क्वांटम कम्प्यूटिंग फंडामेंटल, मशीन लर्निंग के लिए क्वांटम एल्गोरिदम, क्वांटम सूचना प्रसंस्करण, क्वांटम गेट मॉडल और क्वांटम मशीन लर्निंग के व्यावहारिक अनुप्रयोगों जैसे विविध विषयों की खोज करने वाले प्रख्यात वक्ताओं के नेतृत्व में 13 तकनीकी सत्र शामिल थे।

# *मकर संक्रांति पर्व पर श्री बिलेश्वरनाथ नाथ महादेव मंदिर में हुआ खिचड़ी का वितरण

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** श्री भगवान जगन्नाथ स्वामी जी मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण के साथ साथ विद्यालय के बच्चो को गर्म कंबल बांटे गए।

मकर संक्रांति का पर्व सदर स्थित श्री बिल्वेश्वर नाथ व जगन्नाथ मंदिर परिसर में पूरे उत्साह और पूरे जोश के साथ मनाया गया हैं। यह कार्यक्रम उक्त मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री गणेश दत्त शर्मा और महामंत्री राशि शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। समिति अध्यक्ष ने बताया यह ट्रस्ट बच्चो का और समाज में धार्मिक आयोजनों का विशेष ध्यान रखती है और धर्म की भावना को उजागर करती है इसी का ध्यान रखते वे आज जगन्नाथ मंदिर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बच्चो को खिचड़ी के साथ कंबल दिए गए तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष पंडित गणेश दत्त शर्मा, महामंत्री राशि शर्मा, मुख्य सेवक दिनेश गोयल, मुख्य पुजारी विष्णु दत्त शर्मा रहे।

■ खिचड़ी का प्रसाद वितरण के साथ साथ विद्यालय के बच्चो को गर्म कंबल बांटे गए।



# पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन में सीएमडी के पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** (सीएमडी) सेंटर फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (सीएमडी) कॉलेज में पीजीडीएम के सन 1990-92 के छात्रों के लिए री यूनियन प्रोग्राम आयोजित किया गया इस मौके पर 32 साल बाद देश विदेश से पहुचे पूर्व छात्र कॉलेज को देख कर पुरानी यादों मे खो गए । सीएमडी के पूर्व छात्र जो की वर्तमान समय मे कॉर्पोरेट मे उच्च पदों पर आसीन है, वर्तमान छात्रों से अपने 32 वर्षो के अर्जित ज्ञान और अनुभव को साझा किया ।पूर्व छात्रो ने वर्षो पूर्व की स्मृतियों ताजा करने के लिए अपनी कक्षाओं एवं छात्रावास का भ्रमण किया ।संस्थान के चेयरमेन डॉ डी के मोदी ने सभी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए ।इस शुभ अवसर पर संस्थान के उप चेयरमेन कैप्टन राजीव सक्सेना, कार्यकारी निदेशक डॉ दीपांकर शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ रवीन्द्र आर्य, प्लेसमेंट अधिकारी अजय,एड्मिशन हैड सुधांशु एवं सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन इवेंट कोर्डिनेटर दिव्या वत्स एवं डॉ पल्लवी त्यागी ने किया।



## 10 लाख रुपये दहेज में लाने विवाहिता के साथ हैवायिनत

**गाजियाबाद।** दहेज के लिए हैवानियत की हदें पार कर देने वाला मामला सामने आया है। पीड़िता पर 10 लाख रुपये दहेज में लाने के लिए क्या नहीं किया गया। विवाहिता पर खौलती चाय फेंकी, नग्न करने के बाद बेल्ट से जानवरों की तरह मारा, इतना पर भी मन नहीं भरा तो जबरन अप्राकृतिक सेक्स किया और शरीर को दांतों से नोंच डाला, लेकिन मामले की सुनवाई नहीं हुई और पीड़िता को महिला आयोग का दरवाजा खटखटाना पड़ा। महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की एफआई दर्ज करने बाद जांच की जा रही है।जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर पीड़िता के पति, सास, ससुर और दो देवरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली युवती की शादी नंदग्राम थानाक्षेत्र में करीब एक साल पहले हुई थी। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि ससुराल वाले शादी के अगले दिन से ही दहेज के लिए उत्पीड ? करने लगे थे।

## सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव को शाल उड़ाकर लिया आशीर्वाद

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव पि० व० प्र०, अखिल भारतीय रूहेला क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व अध्यक्ष डीपीएस पीटीए कृष्णा रुहेला ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव को शाल उड़ाकर उनका आशीर्वाद लिया और कुछ विन्दुओ पर चर्चा की साथ नर सेवा को नारायण सेवा बताये हुए निरन्तर समाज सेवा करते हुए सर्दी में ठिठुर रहे अपनों को कंबल और अन्य सामग्री आदि भेंट करके उनको राहत प्रदान करने का कार्य निरंतर जारी है और रहेगा।

इसी कड़ी सर्दी में गांव शहर में कंबल वितरित कर अपनों को राहत देने का कार्य कर रहे है और करते रहेंगे। कृष्णा रूहेला ने कहा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को लाचारी बरसात व सर्दी जैसे मौसम को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है अगर किसी रूप मैं उनके किसी भी काम आजाए तो बहुत अच्छा है।इस कड़कती सर्दी मैं इन गरीबों के दर्द को समझे और उन्हें राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास करें। वितरित किए गए कंबल मिलने पर सभी जरूरतमंद लोगों ने धन्यवाद प्यार एवं आभार व्यक्त किया। कृष्णा रुहेला ने बोला अपनों की मदद की है कर रहे हैं और हमेशा करते रहेंगे।

## लायंस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार ने पैरा तीरंदाज नेशनल चैंपियन को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर लांयस क्लब मोदीनगर राइजिंग स्टार की चार्टर अध्यक्ष लायन वर्षा गुप्ता ने पैरा तीरंदाज नेशनल चैपियन स्वाति चौधरी जी को मुहँ मीठा कराकर व शाल पहनाकर सम्मानित किया। क्लब चार्टर अध्यक्ष वर्षा गुप्ता ने बताया कि 11 व 12 जनवरी को छठी पैरा नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान के जयपुर मे हुआ। जिसमे पहले दिन ही स्वाति चौधरी ने डब्लू-1 कंपाउंड राउंड मे पहला स्थान प्राप्त किया। स्वाति जी ने 720 मे से 523 अंक प्राप्त किए।ऐसा करने वाली वह देश की पहली महिला बनी है। स्वाति जी ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने जीवन साथी गौरव चौधरी (जो एक साफ्टवेयर इंजीनियर है),अपने परिवार व अपने कोच विवेक चिकारा को दिया। इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष लायन कल्पना गुप्ता व हंगर प्रोजेक्ट की चेयरपर्सन लायन पूनम गर्ग ने स्वाति जी को माला पहनायी व एक स्मृति चिन्ह देकर उन्हे सम्मानित किया। लायन वर्षा गुप्ता ने बताया आगामी अप्रैल मे स्वाति पटना मे खेलो इंडिया मे अपनी सहभागिता देने जायेगी।

# डॉ अमित कुमार ने थल सेवा दिवस पर अपनी तूलिका व रंगों के माध्यम से एक सुंदर चित्र बनाया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** डॉ अमित कुमार ने थल सेवा दिवस पर अपनी तूलिका व रंगों के माध्यम से एक सुंदर चित्र बनाकर भारतीय थल सेना को बधाई दी। चित्र में सैनिकों की कर्तव्य परायणता, निष्ठा, जोश व देश पर मर मिटने का जज्बा कठिन व विषम परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी को अंजाम देने आदि को चित्रित किया गया है। चित्र में एक भारतीय जवान को ड्यूटी पर तैनाती के रूप में दशार्या गया है।आसपास आग व तेज गर्मी को प्रतीक के रूप में चित्रित किया गया है। कटीले तार बॉर्डर के प्रतीक के रूप में चित्रित किए गए हैं तथा पत्थरों व पहाड़ों के बीच ड्यूटी करना भारतीय सैनिक के जोश व समर्पण भाव को दशार्ता है ।शीर्ष पर तिरंगा देश की जीत व शान का प्रतीक है। सूखे पेड़ युद्ध के समय को दर्शा रहे हैं। डॉ अमित कुमार इससे पूर्व भी चौंक ,चावल, सरसों, चने के दाने, राजमा आदि पर चित्र बना चुके हैं। तथा अपनी अनोखी कला के द्वारा विभिन्न संस्थाओं के द्वारा सम्मानित हो चुके हैं।चित्रकला के क्षेत्र में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुके डॉक्टर अमित कुमार श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में कला अध्यापक ० एन सी सी ऑफिसर के पद पर रहकर छात्र छात्राओं को कला की बारीकियां सिखाकर भविष्य के कलाकारों को तैयार करने में प्रयासरत है। साथ ही एन सी सी कैडेट में एकता ,अनुशासन ,समाज सेवा व राष्ट्र सेवा के गुण को विकसित करने में लगे हुए हैं।



## मंदिर धार्मिक समिति के पुनः अध्यक्ष चुने गए समाजसेवी सतीश जैन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद** । राजनगर एक्सटेंशन वीवीआईपी एड्रेसेज सोसायटी क्लब में मंदिर धार्मिक समिति की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से समाजसेवी सतीश जैन को पुनः 5 साल के लिए अध्यक्ष चुना गया। समिति के सदस्यों एवं गणमान्य लोगों ने पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर उनका भव्य स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि सतीश जैन जी आगे भी सभी के सहयोग से धार्मिक आयोजनों को पूर्ण कराएंगे। समाजसेवी सतीश जैन वीवीआईपी में मंदिर धार्मिक समिति के 5 साल पूरे अध्यक्ष रहने के बाद दोबारा से 5 साल के लिए द्वारा अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया।सतीश जैन ने कहा कि समिति सभी के सहयोग से सभी धार्मिक कार्य सभी त्यौहार मिलजुल कर मनाती है।

## सहायक खंड विकास अधिकारी की बेकाबू कार ने तीन किशोरियों को रौंदा, एक की मौत



वेलकम इंडिया

**कालाढूंगी।** कोटाबाग के सहायक खंड विकास अधिकारी (एबीडीओ) की बेकाबू कार ने तीन किशोरियों को रौंद दिया, जिसमें एक की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा उत्तरायणी मेला देखकर घर लौट रही किशोरियों के साथ हुआ।पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के समय चालक नशे में था।मृतक माही (14), जो कोटाबाग क्षेत्र के नाथूनगर गांव की रहने वाली थी, अपनी बहन कनक (17) और सहेली ममता (15) के साथ मेले से पैदल लौट रही थी। हादसा रामदत्त बीआरसी के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार ने तीनों लड़कियों को टक्कर मार दी। माही की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई, जबकि कनक और ममता की हालत गंभीर बनी हुई है और दोनों को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद आरोपी चालक भूपेंद्र सिंह, जो हल्द्वानी के लोहरियासाल ऊंचा पुल का निवासी है, दुर्घटनास्थल से फरार हो गया।पुलिस ने आरोपी को एक किमी दूर गुरड़ी नाले के पास से गिरफ्तार किया, जहां कार पहाड़ी से टकराकर रुक गई थी।पुलिस ने मेडिकल जांच में चालक के नशे में होने की पुष्टि की है और उसकी कार को कब्जे में ले लिया है।

## मकर संक्राति पर्व पर नगर में जगह-जगह लगे भंडारों में खिचड़ी व पुलाव का वितरण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मकर संक्राति पर्व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। श्रद्धालुजनों ने जहां मुरादनगर गंगनहर में डुबकी लगाकर धर्म लाभ उठाया, वहीं अन्य कुछ ने गंगाजल पानी में मिलाकर स्नान किया तथा गरीबों व जरूरतमंदों एवं पात्र ब्राह्मणों को खिचड़ी, मूंगफली, रेवड़ी, गुड आदि का दान किया तथा कुछ ने गर्म वस्त्र बांटे। छतरी वाले शिव मंदिर के पं0 हरिशंकर शर्मा, वाड़ा शिव मंदिर के पं0 सहदेव शर्मा व श्री सनातन हरि मंदिर के पं0 चंद्रप्रकाश वशिष्ट के अनुसार खरमास होते ही 16 जनवरी से शादी, विवाह सहित गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण सहित सभी मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। मोदीनगर में सौ से अधिक छोटे-बड़े भंडारे आयोजित किए गए जहां सैकड़ों श्रद्धालुजनों ने प्रसाद ग्रहण किया ।मकर संक्रांति के अवसर पर गौरीशंकर मंदिर सीकरी फाटक में प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर मंदिर के महंत अभिनव शास्त्री संजय प्रधान देवदत्त वत्स और महेंद्र चंदेल हनी वत्स ब्रह्मम सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आनंदीपुरा कालोनी की आरडब्लूए द्वारा यहां प्रभुजी क्लैक्शन के सामने विशाल भड़ारा आयोजित किया गया। पर्याप्त संख्या में श्रद्धालुओं ने पुलाव, अचार, हरी मिर्च व गुड़ का प्रसाद ग्रहण किया। प्रभुदत्त शर्मा, प्रवीण खटाना, अनिल दीक्षित, सच्चिदानंद पंत, निर्दोष खटाना, आयुष शर्मा आदि का सहयोग रहा। सभासद बलराज, मनोज कुमार, अंकुर शर्मा, शेखर पंत, कृष्णपाल सिंह, रामकुमार गोयल, सोनिया शर्मा, क्षितिज पंत, चुन्नीलाल खट्टर, अनिल वशिष्ट, राकेश शर्मा, अयूब अली आदि मौजूद थे।



## कायस्थ महासभा ने स्वामी विवेकानंद जयंती एवं वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद जयंती एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम अजनारा इन्टीग्रिटी , राजनगर ऐक्सटेंशन गाजियाबाद में किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रेखा श्रीवास्तव , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार सक्सेना,सयुंक्त राष्ट्रीय महामंत्री ? विपिन जौहरी , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के सक्सेना , प्रदेश अध्यक्ष आनन्द कुमार जौहरी , हेमंत खरे, नीरज निगम, सुधीर स्वरूप भटनागर मंच पर रहे ।कार्यक्रम में गरीब कन्या को सहायता, मेधावी छात्र- छात्राओं व विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि वाले मान्यता प्राप्त एवं पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना, डॉ. आशीष सौरखिया, अमित श्रीवास्तव, डी सी श्रीवास्तव , शरद कुदेशिया , अविनाश सक्सेना, प्रमोद सक्सेना, विजय सक्सेना, मनीष निगम, पूजा सक्सेना, मोनिका श्रीवास्तव, आस्था सौरखिया , सन्जू सक्सेना, विनय सक्सेना, विद्या भूषण सक्सेना, रविन्द्र श्रीवास्तव एवं यू सी सक्सेना आदि 300 से अधिक कायस्थ चित्रांश उपस्थित रहे।

## लोगों ने पकड़े दो बैटरी चोर

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–1 स्थित वाहनों से बैटरी चोरी करने वाले दो शातिरों को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। जिसके बाद लोगों ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। उदय भान निवासी शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–1 ने बताया कि उनकी गाड़ी उनकी बिल्डिंग के बाहर पार्किंग में खड़ी थी। दो लोगों ने उनकी गाड़ी का बोनट खोलकर बैटरी को कार से चोरी कर ली। तभी चौकीदार कविराज ने चोरी की घटना को देखकर शोर मचाया। शोर सराबा होने पर आसपास के लोग आ गए। लोगों ने दोनों चोरों को पकड़ लिया। पूछताछ में चोरों ने अपने नाम अभिषेक निवासी साहिबाबाद और राहुल कुमार निवासी कैलास गड़ी बताए है। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ही जीत की गारंटीः धामी

वेलकम इंडिया

**देहरादून।** कैंट विधानसभा के अंतर्गत चौधरी फार्म में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम में महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सौरभ थपलियाल को महानगर देहरादून के महापौर के प्रत्याशी के रूप में चुना है कैंट विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं की विधानसभा है कैंट विधानसभा के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली अनुसार समितियां बनाई गई है जिसमें कार्यकर्ता लगातार समाज के बीच जाकर प्रदेश सरकार की योजनाओं के माध्यम से जनकल्याण नीतियों को बताकर जनता से वोट की अपील करेगे और 23 जनवरी को निश्चित ही कमल का फूल खिलेगा। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय पुष्कर सिंह धामी जी ने कहा कि नगर निगम के चुनावो की तरफ हम जा रहे है देहरादून नगर निगम में हमारी पार्टी ने बहुत सौम्य स्वभाव के प्रत्याशी श्री सौरभ थपलियाल जी को मौका दिया , सौरभ थपलियाल छात्र राजनीति से लगातार संघर्ष करते हुए यहां पहुंचे है ।श्री पुष्कर धामी जी ने कहा कि कैंट विधानसभा को स्वर्गीय हरबंस कपूर जी भारतीय जनता पार्टी का एक अभेद किला बनाया है हर चुनाव में यहां से पार्टी को बहुत बड़ी बढ़त मिली है और इस बार भी इतिहास दोहराने वाला है ।हमारी सरकार सिर्फ और सिर्फ आम जनता के कल्याण के लिए कार्य करती है हमारा एक ही ध्येय है जनता और इस देश प्रदेश की समृद्धि के लिए कार्य करना। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले दशक में कई जन कल्याण योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने का काम किया गया है मोदी जी ने महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए लखपति दीदी जैसी कई योजनाओं को लेकर आए हैं।



## डेटिंग ऐप से वसूली करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा

# नोएडा का इंजीनियर और बैंककर्मी को फंसाकर ऐंठे लाखों रुपये, 8 गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** डेंटिंग ऐप से सेक्सुअल एक्टिविटी के नाम पर लोगों को बुलाकर ठगी करने वाले गिरोह का मधुबन बापूधाम पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए 8 शातिरों को गिरफ्तार किया है। नोएडा की एक फर्म में इंजीनियर और बैंक कर्मी को ऑनलाइन चैटिंग एप से दोस्ती के नाम पर फंसाकर ब्लैकमेल किए जाने के दो सनखेज मामले सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में पीड़ितों को सेक्सुअल एक्टिविटी के नाम पर अलग- अलग दिन बुलाया गया था। झांसे में आए दोनों पीड़ितों को शातिर किराए पर लिए फ्लैट में ले गए, जहां मारपीट कर दोनों को पूरी नग्न करने के बाद वीडियो बनाए गए और फिर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपये की नकदी अपने खातों में ट्रांसफर करा ली। पुलिस ने इस पूरे गैंग को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि एक व्यक्ति ने लिखित तहरीर दी थी कि उसकी ऑनलाइन ग्राइंडर एप पर चैट करते समय एक शख्स से दोस्ती हो गई। कुछ दिन तक बातें करने के बाद मुझे उस पर भरोसा हो गया। उसने 12 जनवरी की शाम वादी को सूर्या गर्डन पर सेक्स एक्टिविटी करने के नाम पर बुलाया। वादी बताए गए पते पर पहुंच गया, जहां चार व्यक्ति पहले से ही मौजूद थे, उन्होंने धक्का देकर वादी को कमरे मे बंद कर लिया और मारपीट करते हुए पूरी तरह नग्न करने के बाद फोटो और वीडियो बना लिया। उसके बाद उन्होंने इसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए डिमांड शुरू कर दी, वादी ने अपने खाते से 69,300 रुपये ट्रांसफर किए। उसके बाद शातिरों ने पुलिस के पास जाने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छोड़ दिया। सोमवार को एक अन्य वादी की एक लिखित तहरीर मधुबन बापूधाम थाना पुलिस को मिली। जिसमें आनलाइन चैटिंग एप के माध्यम से एक बॉटम हो नाम की आईडी के व्यक्ति ने दोस्ती करने के बाद सेक्सुअल एक्टिविटी के नाम पर सूर्या गार्डन के बाहर बुला लिया। सोमवार शाम वह जैसे ही सूर्या गार्डन के बाहर पहुंचा, वह शख्य वादी को एक मकान में ले गया, जहां सात लोग मौजूद थे।

# प्रदूषण पर होगा वार, निगम 20 ई- चार्जिंग स्टेशन करेगा शुरू

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सरकार काफी प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों में से एक ई- व्हीकल को बढ़ावा देना भी शामिल है। बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए नगर शहर के 20 स्थानों पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन बनाने जा रहा है। नगर निगम के इस प्रयास से जहां एक ओर वायु प्रदूषण पर काफी हद तक रोक लग सकेगी, वहीं डीजल के बढ़ते खर्चों पर रोक लगेगी। जिसके लिए नगर निगम ने चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर यूपी रिन्यूअल एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (यूपीआरईवी) को इस संबंध में प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव में ई- चार्जिंग स्टेशनों के लिए चिन्हित की गई जगहों की भी जानकारी दी गई है। जिसकी पुष्टि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि नगर निगम के ई- चार्जिंग स्टेशन सस्ते होंगे, लोगों को रियायती दरों पर चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बाजार में अभी सामान्य चार्जिंग के लिए 15 और फास्ट चार्जिंग का चार्ज प्रति यूनिट 20 रुपये है। नगर निगम के चार्जिंग स्टेशनों पर यह दर क्रमशः साढ़े आठ और 15 रुपये होगी। नगर निगम ने 20 चार्जिंग स्टेशनों के लिए विद्युत निगम से कनेक्शन प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव भी तैयार कर लिया गया है।

उन्होंने बताया विद्युत निगम से चार्जिंग स्टेशनों के लिए कनेक्शन के लिए एस्टीमेट भी मंगा लिया गया है। हर चार्जिंग स्टेशन तक 11 हजार वोल्ट की लाइन और स्टेशन पर एक ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

## सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक नहीं कर पाएंगे प्राइवेट प्रैक्टिस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर पाएंगे। इसको लेकर सासन के निर्देश पर सभी चिकित्सकों से शपथ पत्र लिया गया है।

शासन ने निर्देश दिए हैं कि अगर किसी भी चिकित्सक के खिलाफ निजी प्रैक्टिस की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछले काफी समय से शासन को सरकारी चिकित्सकों के निजी प्रैक्टिस करन की शिकायत मिल रही थी। इसको देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक ने सभी जनपद में कार्यरत डॉक्टरों को किसी भी स्थान पर प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करने और किसी रोगी को निजी अस्पताल के लिए रेफर नहीं करने के निर्देश दिए गए है। शासन ने इस संबंध में सभी चिकित्सकों को इस आशय का शपथ पत्र देने के निर्देश दिए हैं। शासन से निर्देश के बाद सभी अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी पर तैनात चिकित्सकों से 10 रुपए के स्टांप पर शपथ पत्र लिया गया है। चिकित्सकों से यह भी लिखित में लिया गया है कि अगर वह प्राइवेट प्रैक्टिस करते पाए गए तो विभागीय कार्यवाही किए जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डा. राकेश कुमार ने बताया कि सभी चिकित्सकों ने शपथ पत्र जमा कर दिए है। जल्द ही शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# चिपियाना की फैक्टरी में हुई चोरी के चोरों को बिशरख पुलिस ने मुठभेड़ में 4 घायलों समेत 7 को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** जिला गौतमबुद्धनगर के थाना बिसरख पुलिस द्वारा फैक्ट्री में घुसकर चोरी करने वाले व माल को खपाने वाले कबाड़ी समेत 07 शातिर बदमाशों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से चोरी की ईको कार, घटना कारित करने में शामिल बुलेरो पिकअप, अवैध हथियार व चोरी का माल बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में चार बदमाश बिशरख पुलिस के मुठभेड़ में घायल भी हुए है जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पकड़े गए बदमाशों ने बीती 9 जनवरी की रात में श्री बाला जी किचन एक्यूपमेन्ट में घुसकर ईको कार व काफी सामान चोरी किया था। नोएडा जोन के डीसीपी सेंट्रल शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बिसरख थाना पुलिस सोमवार देर रात बीएलएस वर्ल्ड स्कूल के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने सामने से आती हुई एक सफेद रंग की ईको कार को रूकने का इशारा किया। इस पर ईको सवार व्यक्ति नहीं रूके और कार को तेजी से लेकर भगाने लगे। संदिग्ध होने पर पीछा किया गया तो कार में सवार व्यक्तियों ने पुलिस पार्टी पर फायर किया गया। जिस पर पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी कार्रवाई में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिनकी पहचान शाहरूख पुत्र आरामोहम्मद निवासी सी 41 ब्लाक सिटी झुग्गी इन्द्रा विकास कालोनी डाक्टर मुखर्जी नगर दिल्ली और आकाश त्यागी पुत्र प्रदीप त्यागी निवासी बिजोली थाना खरखोदा जिला मेरठ के रूप में हुयी। घायल बदमाशो के पास से बीती 9 जनवरी को बाला जी किचन एक्यूपमेन्ट चिपियाना से चोरी की गई ईको कार, 2 देशी तमंचे, 2 जिन्दा कारतूस बरामद हुए है। घायल बदमाशो से पूछताछ की गई तो बताया कि उनके गिरोह ने 9 जनवरी की रात्रि में श्री बाला जी किचन एक्यूपमेन्ट में घुसकर ईको कार व काफी सामान चोरी किया था।

## देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़, महिला समेत तीन गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद के वैशाली इलाके में स्थित शॉप्रिक्स मॉल में ग्रीन वैली स्पा के नाम से गंदा काम चल रहा था। पुख्ता सूचना पर कौशांबी थाना पुलिस ने एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह के नेतृत्व में छापा मारकर यह सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से देह व्यापार के धंधे में धकेली गईं चार महिलाओं को रेस्क्यू कराने के साथ मौके से स्पा संचालिका समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि स्पा की आड़ में देह व्यापार का धंधा एक महिला के द्वारा कराया जा रहा था। मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई सूचना के आधार पर देर रात वैशाली सेक्टर-चार स्थित शॉप्रिक्स मॉल में प्रथम तल पर संचालित ग्रीन वैली स्पा सेन्टर में छापा मारा गया। यहां भोली भाली गरीब महिलाओं को काम का लालच देकर लाया जाता था और फिर उनसे देह व्यापार कराया जाता था। मौके से चार पीड़ित महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने मौके से अनैतिक देह व्यापार में लिप्त अरुण कुमार पुत्र राजू प्रकाश निवासी भोपुरा और शशिकांत पुत्र बिसंबर दास निवासी डिजायर रेजीडेंसी, इंदिरापुरम के साथ ही स्पा संचालिका को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक रजिस्टर, एक डायरी, एक मैन्यू कार्ड, एक क्यूआर कोड स्केनर और देह व्यापार में प्रयोग की जाने वाली आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

## फार्म हाउस के बाहर खड़ी कार चोरी

गाजियाबाद। **दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित एक फार्म हाउस के बाहर से कार चोरी हो** गई। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। जिला मेरठ के थाना जानी क्षेत्र निवासी नफीस एक शादी समारोह में शामिल होने मोदीनगर स्थित मैरिज होम में आए थे। कार गेट के निकट खड़ी करके वह अंदर चले गए। लौटकर आए तो देखा कि कार गायब है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि मैरिज होम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। चोरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## युवक की पिटाई मामले में पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** सीकरी मार्ग स्थित रेलवे फाटक के पास एक दलित युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। दबंगों ने पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसका संस्थान पुष्टि नहीं काता है। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव सीकरी कलां निवासी अंकित कुमार ने बताया कि बीते दिन सीकरी मार्ग पर रेलवे फाटक के पास काम से गए थे। वहां मौजूद तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट की। अंकित की बेरहमी से पिटाई की गई। इतना ही नहीं, उसे जातिसूचक शब्द कहे गए। किसी तरह पीड़ित अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। आरोप है कि दबंगों ने अपमानित करने के लिए मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर निखिल, चिंटू और लक्की निवासी विश्वकर्मा बस्ती कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उनकी तलाश की जा रही।

## रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने एम टेन क्रिकेट एकेडमी को 10 रन से दी शिकस्त

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे आठवां कार्पेडियम बीआर शर्मा ट्रॉफी में मंगलवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने एम टेन क्रिकेट एकेडमी को 10 रन से शिकस्त दी। मैच में वरुण यादव को 74 रन की शानदार पारी खेलने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। नेहरू स्टेडियम में टॉस जीतकर रविंद्र यॉर्क एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 34.1 ओवर में 251 रन बनाकर आउट हो गई। उसकी तरफ से वरुण यादव ने मैच में कई शानदार शॉट लगाते हुए 74 रन की उम्दा पारी खेली। इसके अतिरिक्त अन्य बल्लेबाजों में केशव डबास ने 44 रन, यश ने 40 और मोहित ने 33 रन का टीम के लिए अहम योगदान दिया। विरोधी टीम की तरफ से गेंदबाज विवान जिंदल और शुभम वर्मा को दो-दो विकेट और विनय को एक विकेट हासिल हुआ। लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरी एम टेन क्रिकेट एकेडमी की टीम की शुरूआत अच्छी रही लेकिन टीम ने अंत समय में लगातार विकेट गंवाते हुए 40 ओवर में 241 रन ही बना सकी। विनय कुमार ने सर्वाधिक 60 रन की बेहतरीन पारी खेली। आर्यन ने 49, अंश शर्मा ने 38 और विवान ने 20 रन बनाए। रविंद्र यॉर्क की तरफ से अमन गोस्वामी एवं कार्तिक ने दो-दो विकेट झटके। 74 रन की शानदार पारी खेलने वाले वरुण यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## मकर संक्रांति के अवसर पर भंडारे का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आज मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा द्वारा अंबेडकर रोड पर भंडारा आयोजित किया गया भंडारे का शुभारंभ शहर विधायक संजीव शर्मा और पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौहान और राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू ने मकर संक्रांति पर सभी देशवासियों को बधाई दी। राष्ट्रीय लोकदल के खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री निरपाल चौधरी भंडारे में मुख्य रूप से पहुंचे व्यापार महासभा के राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रसाद वितरण कराया अंबेडकर रोड के बाद व्यापार महासभा के पदाधिकारी ने स्टेशन रोड पर भी भंडारा लगाया जिसमें मुख्य रूप से संरक्षक चौधरी तेजपाल सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश मल्होत्रा शुभम गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश संयोजक संजीव अरोड़ा पार्षद नीरज गोयल, संतोष कौशिक , योगेन्द्र कौशिक, विजय कौशिक, पूर्व ब्लाक प्रमुख संतोष यादव व्यापारी नेता नरेंद्र कुमार नंदी राष्ट्रीय सचिव राजेश बंसल राष्ट्रीय महासचिव मधु शर्मा कानूनी सलाहकार विनीत गॉड दिनेश शर्मा चिंटू युवा महानगर अध्यक्ष संगठन सलाहकार नौशाद प्रिंस एसपी कपूर लोक दल के प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी जिला महासचिव प्रदीप त्यागी अजय चोपड़ा अंबेडकर मार्केट अध्यक्ष राजीव बनवारी लाल कराटे वेल्फेयर सोसाइटी के महासचिव राजीव मुंडेलवाल, नीलम, ज्योति, गौरव, अंशु, उपस्थित रहे भंडारे का आयोजन अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा के सभी सदस्य गणों के सहयोग से संपन्न हुआ।

# अवैध झुग्गियों के खिलाफ दुसरे दिन भी चला अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विजयनगर थानाक्षेत्र में रक्षा मंत्रालय की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए दूसरे दिन मंगलवार को भी अभियान चलाया गया। सोमवार को करीब पांच सौ झुग्गियां तोडे के बाद लौट गए। बुलडोजर मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे मौके पर पहुंचे और फिर चार बजे तक अवैध कब्जे हटाने का अभियान चला। इस दौरान मौके पर लगी आग को बुझाने के लिए फायर पुलिस को बुलाना पड़ा। एसीपी रितेश त्रिपाठी के मुताबिक कुछ लोगों ने कार्रवाई के विरोध स्वरूप कूड़े में आग लगा दी थी, हालांकि उस पर समय रहते काबू पा लिया गया। मेरठ से पहुंचे रक्षा संपदा के एसडीओ वीके गुप्ता के मुताबिक सोमवार को करीब 500 झुग्गियां हटाई गई थीं, मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे अभियान शुरू हुआ। अभियान को पूरा करने में अभी समय लगेगा। एडीओ ने बताया कि यह जमीन रक्षा विभाग के द्वारा राइफल रेंज विजयनगर के नाम से रिजर्व की गई थी। रक्षा संपदा विभाग के स्टेट आफिसर के आदेश पर इस जमीन को खाली कराने का अभियान चलाया जा रहा है। यहां रह रहे लोगों को पहले ही मुनादी कराकर जमीन खाली करने को कहा गया था। मंगलवार को हुई कार्रवाई के दौरान भी यहां रहने वाले परिवार रोते बिलखते देखे गए। दरअसल ये लोग वर्षों से यहां सेना की भूमि पर अवैध रूप से झुग्गियां बनाकर रह रहे थे। सर्दी के मौसम में हुई कार्रवाई से ये लोग अचानक खुले आसमान के नीचे आ जाने से परेशान हैं। विस्थापित किए जा रहे परिवार अपना सामान बचाने की जुगत में लगे हैं, हालांकि रक्षा विभाग द्वारा पहले भी कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं, इसके अलावा यहां कई दिन पहले से मुनादी भी कराई जा रही थी। गाजियाबाद के विजयनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत चांदमारी और सेक्टर नौ इलाके में करीब 40 वर्षों से रक्षा विभाग की 161 एकड़ जमीन पर अवैध रूप से हजारों झुग्गियां बसी हुई थीं। कई बार झुग्गियों को हटाने की बात चली, नोटिस दिए गए लेकिन फिर कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई।

# मकर संक्रांति पर जीएचबी फाउंडेशन द्वारा खिचड़ी और कंबल वितरण का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में जगह-जगह खिचड़ी भोग व जरूरतमंदों के लिए कंबलों का वितरण किया गया। मकर संक्रांति के पर्व पर गाजियाबाद में भी जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए और इस अवसर पर विशेष रूप से बनाया जाने वाला खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। जीएचबी फाउंडेशन द्वारा भी मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को स्वर्गीय सचिन भारद्वाज की स्मृति में भंडारे के आयोजन किया गया। जिसमें गरीबों को खिचड़ी और कंबल वितरित किए गए। स्वर्गीय सचिन भारद्वाज के पिता एवं कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज के प्रहलाद गढ़ी स्थित भारद्वाज हाऊस पर आयोजित भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद और कंबल प्राप्त किए। नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि वो पिछले कई वर्षों से मकर संक्रांति पर हर वर्ष भंडारा आयोजित करते आ रहे हैं। मकर संक्राति पर दान देने की प्रथा है। गरीबों, असहाय व्यक्तियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। गरीबों की मदद करता साक्षात ईश्वर की पूजा करने के समकक्ष है। जिसमें खिचड़ी के साथ ही गरीब लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल भी दिए जाते हैं।

इस मौके पर कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी डॉली शर्मा, नरेंद्र भारद्वाज की पत्नी लक्ष्मी भारद्वाज, महेश भारद्वाज, वसुंधरा सेक्टर-16 आरडब्लूए अध्यक्ष सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, मनीष भारद्वाज, अनन्या भारद्वाज, अथर्व शर्मा, समाजसेवी अमित किशोर, पप्पू पंडित, सिराजुद्दीन, आशा राम प्रजापति, रूपचंद और वसुंधरा सेक्टर-16 आरडब्लूए उपाध्यक्ष प्रमोद कौशिक आदि उपस्थित रहे।

